ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • माघ कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2079 • मंगलवार, 17 जनवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-94 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



माधुरी दीक्षित ने 'तू शायर है' के हुक स्टेप...

पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री आज खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण का करेंगे आगाज

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कोडरमा से खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण का आगाज करेंगे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जेजे कॉलेज में उतरेगा, यहां से सड़क मार्ग से होते हुए वे बागीटांड़ स्टेडियम पहुंचेंगे। बागीटांड़ स्टेडियम में 10 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। एक बड़ा मंच भी तैयार किया जा गया है। इसके अलावा पूरे शहर में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बैनर पोस्टर और कटआउट लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी की जा रही है। खतियानी जोहार यात्रा के बाद मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला गिरिडीह के लिए रवाना होगा।

### परिवहन मंत्री को इलाज के लिए चेन्नई भेजा गया

**जमशेदपुर।** परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए एयर एंबुलेंस द्वारा चेन्नई भेजा गया है। वह दो-तीन दिन से बीमार थे और उन्हें टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि उन्हें दो दिन से बुखार आ रहा था। साथ ही उन्हें मधुमेह की शिकायत थी। उनका शुगर लेवल कम हो जा रहा था। उन्हें कोरोना नहीं है। वैसे वह फिट हैं, लेकिन मधुमेह की गड़बड़ी के कारण उन्हें एयर एंबुलेंस से चेन्नई भेजा गया है। जिला प्रशासन की उपस्थिति में मंत्री को चेन्नई ने रवाना किया गया।

### गढ़वा मंडल कारा में कैदी की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा मंडल कारा में एक कैदी के मौत का मामला प्रकाश में आया है। कैदी की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी राम कयास यादव है। बताया जाता है कि रामकयास हत्या के मामले में पिछले छह सालों से मंडल कारा में बंद था। सोमवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मंडल कारा के अधीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है कि एक कैदी की मौत अस्पताल में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 61 छात्राएं भागीं

**चाईबासा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 61 छात्राएं भाग गईं। घटना रविवार रात की है। माना जा रहा है कि ये छात्राएं प्रताड़ना से तंग आकर भागी हैं। जो छात्राएं भागी हैं, वो खूंटपानी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ती हैं। ये सभी 11वीं की छात्राएं हैं। ये लड़कियां पैदल ही सांसद गीता कोड़ा के घर पहुंचीं और कैसे-कैसे, कब-कब प्रताड़ित किया गया उन्हें, यह सब बताया। कोड़ा ने संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई कर उचित निर्णय लेने का निर्देश डीसी को दिया है।

### राज्य में अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था मॉडल तैयार करेगी पुलिस

**रांची।** राज्य में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए अत्याधुनिक सुरक्षा मॉडल बनेगा। राज्य पुलिस ने इसके लिए राज्य के बड़े शैक्षणिक संस्थानों आईआईएम रांची, बीआईटी मेसरा, एक्सएलआरआई जमशेदपुर और एनआईटी जमशेदपुर के साथ एमओयू किया है। सोमवार को डीजीपी नीरज सिन्हा ने चारों संस्थानों के बीच एमओयू आदान-प्रदान किया। इस एमओयू में पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित संस्थानों के कुलपति व निदेशक मौजूद थे।

## जितेंद्र मुसहर के आरटीआई से बड़ा खुलासा

# 29 अगस्त 22 से बेदखल हुए मुसहर परिवारों के साथ नाइंसाफी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू अंचल के मौजा मुरुमातु में विवादित जमीन के मामले में आरटीआई के माध्यम से जो सूचना मिली है उससे एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। मुरुमातु में बेदखल किये गए जमीन से सबंधित जितेंद्र और नंदलाल मुसहर द्वारा आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई थी। मांगी गई आरटीआई के सम्बंध में विश्रामपुर अंचलाधिकारी ने जो जानकारी उपलब्ध कराई है उसमें यह बात सामने आई है कि उपलब्ध बंदोबस्त पंजी में खाता नम्बर 44 प्लॉट नम्बर 437 व रकबा 4.04 एकड़ किसी के नाम से बन्दोबस्त नहीं है। अब यहां एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि अब तक उक्त जमीन को अपना बताने वाले लोगों के कागजात संदेह के घेरे में आ गये हैं। बंदोबस्ती पंजी में जब उक्त भूखंड किसी के नाम बंदोबस्ती नहीं हुई है तो जो लोग कैसे दावे कर रहे हैं। या तो उनके पास फर्जी कागजात हैं या फिर वे साजिश कर सरकार की जमीन हड़प कर मुसहर परिवार के साथ घोर अन्याय कर रहे हैं। तब यह माना जाये कि सारी मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर दिन के उजाले में एक जाति विशेष के लोगों द्वारा उजाड़े गये मुसहर परिवार के लोग जो प्रशासन और आयोग की टीम के समक्ष चिल्ला चिल्लाकर कह रहे थे कि उक्त जमीन पर वे वर्षों से रहते आ रहे हैं, वह उनकी जमीन है । वे अपनी जान दे देंगे, लेकिन उसे छोड़कर और कहीं नहीं जायेंगे। अब दूसरा सवाल यह कि पंजी का बिना अवलोकन किये प्रशासन आज तक किसके दबाब में आकर 29 अगस्त 22 से बेदखल हुए मुसहर परिवार को वहां से हटाकर दूसरे जगह पुनर्वासित करने पर आमादा है।



# चंदवा में उग्रवादियों का तांडव

## रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के बेचिंग प्लांट पर बोला धावा

**कर्मियों को बंधक बनाकर की मारपीट**

**उग्रवादियों ने मौके पर कई वाहन में की तोड़फोड़**



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के केंदुआटांड़ के समीप बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर थर्ड रेलवे लाइन निर्माण कार्य करा रही केईसी कंपनी के बेचिंग प्लांट पर रविवार की रात उग्रवादियों ने धावा बोल दिया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पहुंचे उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। उग्रवादियों ने कंपनी में कार्यरत कर्मियों को बंधक बना लिया और सभी के मोबाइल फोन छीन लिये। विरोध करने पर सिक्योरिटी गार्ड और एक ऑपरेटर के साथ जमकर मारपीट भी की। उग्रवादियों ने मौके पर कई वाहन में तोड़फोड़ भी की। जाते-जाते उग्रवादियों ने एक कर्मी का मोबाइल अपने साथ लेते चले गए। कर्मियों की मानें तो उग्रवादी खुद को जेपीसी संगठन का बता रहे थे जिसका नेतृत्व टिंकू जी के द्वारा किया जा रहा था। कर्मचारियों का कहना है कि दो लोगों के हाथों में लंबे हथियार थे बाकियों के पास छोटे-छोटे हथियार थे। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा थाना प्रभारी नारायण यादव देर रात घटनास्थल पर पहुंचे, पर तब तक उग्रवादी वहां से निकल चुके थे। श्री यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इस घटना में जेपीसी उग्रवादी संगठन का नाम सामने आ रहा है। लेवी वसूली को लेकर दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-

# 12 फरवरी को कर लेंगे नये डीजीपी की नियुक्ति

**अब अवमानना याचिका निष्पादित**

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

झारखंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यूपीएससी ने राज्य के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) पद के लिए तीन वरिष्ठ अफसरों के नाम का पैनल भेजा है। इनमें से किसी एक को आगामी 12 फरवरी को डीजीपी पद पर नियुक्त कर लिया जाएगा। सरकार के इस जवाब के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मौजूदा डीजीपी नीरज सिन्हा के खिलाफ दायर अवमानना याचिका निष्पादित कर दी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई अवमानना याचिका में



आरोप लगाया गया था कि डीजीपी नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त होने के बाद भी इस पद पर बने हुए हैं। पूर्व में इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार, शेष पृष्ठ 11 पर

## हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार से पूछा- सूचना आयोग फंक्शनल क्यों नहीं?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा कि क्या राज्य में सूचना आयोग फंक्शनल नहीं है? आयोग के अध्यक्ष का पद का खाली क्यों है? इस पद पर नियुक्ति कब तक होगी? कोर्ट ने आगामी तीन हफ्ते के भीतर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में शामिल हुए अभ्यर्थियों को आंसर शीट देखने नहीं देने शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

# नौ विधानसभा व लोकसभा चुनाव जीतना है, कमर कस लें : नड्डा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्षीय भाषण देते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश भर से आये पार्टी नेताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 2023 का यह वर्ष भाजपा के लिए बहुत जरूरी है। 2023 में देश के नौ राज्यों में विधान सभा चुनाव होना है पार्टी को एक भी राज्य में हारना नहीं है। नड्डा के अध्यक्षीय भाषण की जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में पार्टी के सभी नेताओं को कमर कस कर 2023 में होने वाले नौ राज्यों के विधान सभा और 2024 के लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। कार्यकारिणी बैठक में नड्डा ने गुजरात के चुनावी नतीजों को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बताते हुए बाकी प्रदेशों को इससे सीखने की नसीहत दी। हिमाचल प्रदेश में मिली हार का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि हिमाचल में रिवाज बदलना था, लेकिन हम नहीं बदल पाए। इससे पहले के चुनावों में हार का अंतर 5 प्रतिशत के बराबर हुआ करता था लेकिन इस बार भाजपा एक प्रतिशत से भी कम के अंतर से हारी है। कांग्रेस और भाजपा के बीच सिर्फ 37 हजार वोटों का ही अंतर रहा। प्रसाद के अनुसार, इससे पहले की बैठक में प्रधानमंत्री ने कमजोर बूथों की पहचान करने का आह्वान किया था। इसके बाद पार्टी ने देशभर में 72 हजार कमजोर बूथों की पहचान की थी, लेकिन पार्टी एक लाख तीस हजार बूथों पर पहुंच गई है जिन पर पार्टी को मजबूत करने पर काम किया जा रहा है। नड्डा ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 15 अगस्त को शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी के सामने पेश नहीं हुए विधायक राजेश कच्छप



**रांची।** विधायक कैश कांड में कांग्रेस के निलंबित विधायक राजेश कच्छप भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष सोमवार को पेश नहीं हुए और अपने वकील के माध्यम से दो सप्ताह का समय मांग लिया। इससे पहले 13 जनवरी को विधायक इरफान अंसारी ने भी मेडिकल ग्राउंड का हवाला देते हुए दो सप्ताह का समय मांगा था। कांग्रेस के निलंबित विधायक राजेश कच्छप को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के सिलसिले में 16 जनवरी को रांची के क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया था। ईडी ने राजेश कच्छप को समन जारी कर कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन सोमवार को उनकी जगह उनके वकील ईडी कार्यालय पहुंचे और तकरीबन आधा घंटा अंदर रहने के बाद बाहर निकल कर पत्रकारों को बताया कि विधायक राजेश कच्छप रांची के बाहर हैं जिस कारण वे प्रवर्तन शेष पृष्ठ 11 पर

# झारखंड के राजमहल और तीनपहाड़ में चल रहीं बच्चों को चोरी की ट्रेनिंग देने वाली पाठशालाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल और तीनपहाड़ इलाके में बच्चों को मोबाइल चोरी की ट्रेनिंग देने वाली 'पाठशालाएं' चलाई जा रही हैं। इन पाठशालाओं के संचालक बड़ी संख्या में बच्चों को ट्रेंड करने के बाद उन्हें बड़े शहरों और महानगरों में भेज रहे हैं। इसके बाद इन बच्चों की अलग-अलग इलाकों में बकायदा ड्यूटी लगाने से लेकर उनपर निगरानी तक का काम गिरोह के सरगनाओं के जिम्मे रहता है। रांची के डेली मार्केट थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के चार बाल सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 43 मोबाइल बरामद किए गए हैं। इन बच्चों को रांची के पंडरा इलाके में किराए के मकान में टिकाया गया था। गिरफ्तार हुए 17 साल के एक नाबालिग ने पुलिस को बताया है कि वह मोबाइल चोरी के केस में 2020 में भी पकड़ा गया था। तब वह बिहार के बक्सर जिले के बाल सुधार गृह में चार महीने तक रहा था। पकड़े गए चोरों में एक की उम्र महज 11 वर्ष है। उसे भी बिहार के भागलपुर जीरो माइल थाना पुलिस ने वर्ष 2022 में मोबाइल चोरी के केस में सुधार गृह भेजा था, जहां वह 11 दिन तक रहा था। दरअसल, चोरी जैसे मामलों में बच्चे जब बाल सुधार गृह जाते हैं, तो उन्हें रिहाई के लिए ज्यादा दिनों तक इंतजार नहीं करना पड़ता। पुलिस भी ज्यादा पूछताछ नहीं करती है। उन्हें टॉर्चर भी नहीं किया जाता। बच्चों ने पुलिस को बताया है कि उन्हें हर दिन 8 से 10 मोबाइल चोरी करने का टारगेट दिया जाता है। हर मोबाइल चोरी पर उन्हें मिलनेवाला मेहनताना तय है। मोबाइल की कंपनी और ब्रांड के अनुसार उन्हें प्रति मोबाइल एक हजार से दो हजार रुपए तक मिलते हैं। गिरोह में शामिल बड़ी उम्र वाले लोग बच्चों के इर्द-गिर्द ही खड़े रहते हैं। मोबाइल उड़ाने के तुरंत बाद ये बच्चे उसे बड़ी उम्र वाले सदस्यों को सौंप देते हैं। बड़ी संख्या में चोरी का मोबाइल जमा होने पर गिरोह का बॉस इन्हें लेकर साहिबगंज चला जाता है। चोरी की ड्यूटी करनेवाले बच्चे अपने मां-पिता की मर्जी से यह काम करते हैं। ज्यादातर बच्चे कमजोर माली हालतवाले परिवारों से आते हैं। गिरोह में शामिल ज्यादातर साहेबगंज जिले के तीनपहाड़, तालझारी, महाराजपुर एवं पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के बरनपुर, हीरापुर, आसनसोल आदि जगहों के हैं। पकड़े गए बच्चों ने पुलिस को बताया कि मोबाइल चोरी करने की ट्रेनिंग उन्होंने तीनपहाड़ राजमहल में पाई। बॉस सूरज, चंदन एवं अन्य ने उन्हें वह तरीके बताए, जिसकी मदद से मोबाइल शेष पृष्ठ 11 पर

## वर्षगांठ — आज मनेगा 15वां स्थापना दिवस, सरकार के सामने यक्ष प्रश्न

# पलामू : बिना भवन के एनपीयू मनायेगा स्थापना दिवस

**अमर नाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** पलामू में जहां शिक्षा का स्तर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। वहीं जिले का एकमात्र विश्वविद्यालय अपने भवन के लिए अभी भी तरस रहा है। 17 जनवरी 2009 में एनपीयू विश्वविद्यालय बना और आज अपना 15 वां स्थापना दिवस मनायेगा। लेकिन अभी तक किराये के मकान में ही एनपीयू की 15वीं वर्षगांठ भी मनाई जायेगी। इसे लेकर शहर के केजी स्कूल रोड स्थित एनपीयू परिसर में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है और कुछ तैयारी अंतिम चरण पर है। स्थापना के 14 वर्ष बीत जाने के बाद भी इन एनपीयू शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की समस्या से जूझ रहा है। गौरतलब है कि कुछ महीने पूर्व स्थानीय जीएलए कॉलेज में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल को बुलाया गया था। जिसमे एनपीयू के नए भवन का उद्घाटन भी किया जाना था लेकिन ऐन समय पर भवन के उद्घाटन का कार्यक्रम रद्द शेष पृष्ठ 11 पर



### कहां बनकर तैयार है एनपीयू का प्रशासनिक भवन

एनपीयू का नया प्रशासनिक भवन जीएलए कॉलेज स्थित परिसर पर भवन का निर्माण किया गया है। जिसका कंस्ट्रक्शन में मेसर्स जेके छाबड़ा कोलकाता की ओर से किया गया है। यह आलीशान भवन अभी भी निर्माण कार्य में ही लगा हुआ है । 2021 में ही कंपनी ने हैंडओवर का वादा किया था। हालांकि कोरोना संक्रमण का हवाला देते हुए यह तिथि फिर बढ़ा दी गई है । फिर 2022 में भवन को पूरी तरह तैयार किया गया लेकिन अभी तक उद्घाटन नहीं किया गया है। जीएलए कॉलेज परिसर के 25 एकड़ भूमि पर शेष पृष्ठ 11 पर

### कितना खर्च हो गया है भवन निर्माण में

एनपीयू का पूरा सुसज्जित परिसर का निर्माण 3 अरब नौ करोड 38 लाख में किया गया है। जबकि प्रथम चरण में प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक, सेंट्रल लाइब्रेरी और बीसी आवास का निर्माण एक अरब 16 करोड़ 38 लाख में किया गया है। लेकिन अभी भी पूरी तरह से भवन का निर्माण नही किया जा सका है। प्रशासनिक भवन, एकेडमिक ब्लॉक ,सेंट्रल लाइब्रेरी और बीसी आवास का निर्माण कार्य 9 जुलाई 2018 में शुरू हुआ था। जिसे 8 जुलाई 2020 तक पूर्ण करना था लेकिन करोना के बढ़ते प्रभाव शेष पृष्ठ 11 पर

# अंडरग्राउंड फायर का लगातार बढ़ रहा खतरा

## धनबाद-चंद्रपुरा के बीच बंद हो सकती है रेल लाइन

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झरिया की कोयला खदानों और आसपास के इलाकों में जमीन के नीचे धधकती आग के खतरों के कारण धनबाद-चंद्रपुरा रेल लाइन को जल्द ही बंद किया जा सकता है। यह रेल लाइन 34 किलोमीटर लंबी है। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के डायरेक्टर जनरल ने कहा कि अंडरग्राउंड फायर के बढ़ते दायरे की वजह से इस लाइन पर ट्रेनों का परिचालन खतरनाक है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूएल रिसर्च (सीआईएमएफआर) की ओर से आग की भयावहता का सर्वे किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट मिलते ही केंद्र सरकार को इससे अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि खतरों को देखते हुए डीजीएमएस की रिपोर्ट पर पीएमओ ने इस रूट पर वर्ष 2017 में भी ट्रेनों का परिचालन बंद करा दिया था। स्थानीय लोगों के आंदोलन के कारण 20 महीने बाद फरवरी 2019 में इस लाइन को फिर से शुरू तो किया गया, लेकिन इसके साथ ही सरकार इस लाइन को शिफ्ट करने का प्लान तैयार करा रही है। रेलवे की एजेंसी राइट्स इस लाइन की शिफ्टिंग का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। इसे लेकर एक राइट्स ने पहले ही एक प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंपी है। लाइन शिफ्टिंग पर लगभग 2 हजार करोड़ की लागत संभावित है। माना जा रहा है कि लाइन शिफ्टिंग के काम में लंबा वक्त लगेगा, लेकिन इसके पहले वर्तमान चालू लाइन को बंद करने का निर्णय लिया जा सकता है। गौरतलब है कि इस रेल लाइन के नीचे 295 मिलियन टन कोयला का भंडार है। इसमें 195 मिलियन टन कोकिंग कोल है। इस कोयले का मूल्य करीब 65 हजार करोड़ आंका गया है।

**NEWS इन ब्रीफ**

## मुखिया ने निजी खर्च से चापाकल की कराई मरम्मत

**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा के भुइयां टोला में खराब पड़े चापानल को मुखिया अजय पासवान के द्वारा मरम्मत कराया गया। जिससे इस टोले के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिली । जानकारी के अनुसार पाण्डेयपुरा के भुइयां टोला के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे। दर्जनों ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुखिया से की। जिसके बाद मुखिया ने लोगों के बीच पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए चापानल की मरम्मत कराया । मुखिया अजय ने बताया कि हमारा प्रयास होगा कि पंचायत में पानी की समस्या न रहे। इसके लिए जगह जगह नल जल की व्यवस्था की जायेगी।

## किसानों के बीच विद्युत मोटर सेट का वितरण

**पाटन ।** प्रखंड परिसर में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा मनरेगा कूप निर्माण के 11 लाभार्थियों को 90% अनुदान पर कृषि कार्य के लिए विद्युत मोटर सेट का वितरण किया गया। वितरण करने के बाद प्रमुख शोभा देवी ने बताया कि किसानों को खेती बारी करने के लिए सरकार द्वारा लाभ दिया जा रहा है। जिसका लाभ किसान अधिक संख्या में ले रहे है । जिला परिषद अध्यक्ष संग्राम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा सहयोग किया जा रहा है। किसानों को सही समय पर विद्युत मोटर मिलने पर खेती कर सकते है। खेती कर उत्तम रेट पर बाजार मे फसल को बेच कर अपना जीवन यापन कर सकते हैं । वितरण के मौके पर प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ मनोज तिवारी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह,आत्मा के विनय कुमार, संतोष कुमार, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता मौजूद थे।

### सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में हुसैनाबाद पहुंचे सांसद, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

# संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता: सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू सांसद बीडी राम सोमवार को हुसैनाबाद पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड के देवरी खुर्द, देवरी कला, बड़ेपुर, महूअरी पंचायत के ग्रामीणों की समस्यायों से रूबरू हुए,और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस कड़ी में देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय में एक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया ममता देवी ने किया। जबकि संचालन समाजसेवी उपेंद्र मेहता ने की। कार्यक्रम में ग्रामीण सुरेश मेहता ने बनकट से लेकर देवरी खुर्द तक की सड़क बनाने की मांग की। वहीं देवरी कला पंचायत के पंसस अजीत कुमार सिंह ने पंचायत में बालू की किल्लत सोन नदी में हो रहे कटाव व हार्वे हाई स्कूल को प्लस टू स्कूल बनाने की मांग की। सांसद ने कहा कि बनकट से देवरी खुर्द सड़क का निर्माण करवाने के साथ सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण कुमार, रामराज मेहता, मंडल अध्यक्ष, अजय गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, उदयनाथ विश्वकर्मा, प्रेमतोष सिंह, मधु लता रानी, मनोज चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मोहन चौधरी, राजू सिंह के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।



# संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 16 के निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी के आवास पर संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाने को लेकर सोमवार को बैठक की गई। जिसमें नई कमिटी का गठन किया गया। ताकि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविदास जयंती समारोह पुरे धूम धाम से मनाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी विजय रवि व संचालन अनिल कुमार ने किया। बैठक में कमिटी के लोगों ने सर्वसम्मति से विजय कुमार रवि को पूजा कमिटी का अध्यक्ष व अनिल रवि को उपाध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया। वहीं पेंटर विजय को सचिव,संजय कुमार राम को उपसचिव,सतेंद्र कुमार रवि को कोषाध्यक्ष,रामचंद्र राम को सूचना मंत्री व सुदामा राम को उप सूचना मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य में विकास कुमार,कमलेश कुमार, संजीत कुमार, आकाश कुमार, बुधन कुमार, धनंजय कुमार, संजय कुमार का नाम शामिल है। वही कमिटी के संरक्षक यादुनी राम, हरि शंकर राम,राम नाथ राम,नारायण राम, रामजी राम,महावीर राम व संजय राम को बनाया गया है।

# वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मलय डैम स्थित मुरमा खेल मैदान में सोमवार को मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वन भोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आगंतुक अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व.अनिल चौरसिया को नमन कर दीप प्रज्वलित कर विधायक आलोक चौरसिया, जिप सदस्य सुधा कुमारी, रिंकी यादव, प्रभात भुइयां ने संयुक्त रूप से किया। वहीं वनभोज कार्यक्रम में चार चांद लगाते हुए मिंटू लाल भोजपुरिया व इनकी टीम ने एक से बढ़ कर एक भोजपुरी गीत संगीत से सारे कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने वन भोज के बहाने झारखंड सरकार पर जमकर बरसे और कहा कि अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। पिछले रघुवर दास की सरकार में गांव से शहर तक काम हुआ है। इस सरकार में सारे काम अवरुद्ध हो गए। विकास कार्य पूरी तरह ठप है। मैं 8 वर्षों से लगातार विकास का कार्य कर रहा हूं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने विधायक आलोक चौरसिया से अपील करते हुए कहा कि सतबरवा प्रखंड में सभी कार्य रुके हुए हैं । बिना पैसा का कोई काम नहीं हो रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां , पूर्व पलामू जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, महिला मोर्चा के लवली गुप्ता, मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, सतबरवा जिप सदस्य सुधा कुमारी,धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ,रवि प्रसाद, कमलेश प्रसाद, विजय शर्मा, विजय पाठक, सदर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह, गुड्डू सिंह , अरविन्द सिंह, दुर्गा जौहरी ,पोंची पंसस अशोक राम समेत दर्जनों लोगों ने संबोधित किया । इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने वेज,नॉनवेज भोजन का भरपूर आनंद उठाया।



## पुलिस ने चलाया इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान

**हरिहरगंज ।** थाना पुलिस ने सोमवार को थाना गेट के सामने एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। जहां दोहपिया वाहनों की सघन जांच की गयी। जांच के दौरान हेलमेट, डिक्की आदि की जांच की गयी। जहां नियम का उल्लंघन करनेवालों का वाहन जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु डीटीओ कार्यालय भेजा गया। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अबतक 43 दोपहिया वाहनों को जब्त कर जुर्माना वसूली के लिए भेजा गया है। जांच अभियान नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने चालकों से वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियम का पालन करने की अपील की। ताकि सुरक्षित यात्रा हो सके। जांच अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में महुआरी ने देवरी को तीन विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह के द्वारा पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता महुंराव मैदान में खेला गया। जिसमें महुअरी की टीम ने देवरी कला की टीम को 3 विकेट से पराजित कर दिया। महुअरी की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। देवरी कला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते हुए महुअरी की टीम ने लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। सौरभ सिंह ने सर्वाधिक 51 रन बनाया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब सौरभ सिंह को मिला। बेहतर गेंदबाजी से पंकज कुमार ने देवरी कला को 84 रन पर सिमट गई। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता लाना व खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व बिमलेश सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग क्षेत्रों में किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहित करने में आम लोगों को भी आगे आने का आह्वान किया। मौके पर प्रदेश सचिव चंदन सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,मनदीप राम, अनुमंडल अध्यक्ष,विनय पासवान, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, एनसीपी नेता रविरंजन सिंह,बद्री नारायण सिंह,पंचायत समिति,युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरी,चंचल कुमार, सोनी, युवा प्रखंड अध्यक्ष, ओमप्रकाश राजवंशी, सतेंद्र सिंह, गोरख पासवान, पवन सिंह, अजीत सिंह,मनीष सिंह, विजय राजवंशी,भोला सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## लिटिल एंजल प्ले स्कूल का बीडीओ ने किया उद्घाटन

**हरिहरगंज ।** शहर के सिनेमा रोड़ न्यू सब्जी मंडी स्थित लिटिल एंजल प्ले स्कूल का उद्घाटन सोमवार को बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने स्कूल का निरीक्षण कर कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल का वातावरण अनुकूल है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन ने कहा कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा दूसरी तक की पढ़ाई सीबीएसई पैटर्न से होगी। साथ ही कहा कि स्कूल में बच्चों के बेहतर शिक्षा और उनमें व्यक्तित्व विकास के लिए काम किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक ललन भुइयां, बीपीएम संजय सिंह, सलाहकार टेरेजा मार्टिस, पूर्व जिला पार्षद आशा कुमारी, दशरथ स्वर्णकार, उपप्रमुख कृष्णा प्रसाद, बृजकिशोर, संतोष जायसवाल, शिक्षक अजय कुमार, सोनू जायसवाल, महताब शाहिल उर्फ बबलू, टंटू मिश्रा, सीआरपी लालमुनि भारती सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# नाराज जमीन रैयतों ने की बैठक, उपायुक्त को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत एनएच 75 में पड़वा से शंखा तक सरकार द्वारा की गई जमीन अधिग्रहण से नाराज जमीन रैयतो ने भंडार हाई स्कूल के प्रांगण में सोमवार को एक बैठक आहूत की। जिसमें लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए पलामू उपायुक्त को एक पत्र लिखा है। जिसमें लोगों ने उपायुक्त के समक्ष कई बिंदुओं पर मांग करते हुए पुनः जमीन की मापी रैयत मालिकों के सामने करने की बात कही है। साथ ही सभी रयैत मालिकों का मुआवजा एक जैसा होना चाहिए। पत्र में मकान मालिको ने भी असंतोष जाहिर करते हुए लिखा है की हमारे मकान की मापी आधा अधूरा हो रही है। जिसे पुनः सही तरीके से मकान मालिक से समक्ष मापा जाये। साथ ही नार्थ कोयल ब्रिज लिंक रोड जो की पड़वा से रेहला तक बनना है। जिसकी चौड़ाई 60 फीट थी। वहीं वर्तमान एनएचएआई के पास मौजूद नक्शा में उसकी चौड़ाई 70से 75 फीट दशार्या गया है। उसका भी लोगों को मुआवजा दिया जाए। ताकि रैयैत पूरी तरह संतुष्ट हो सके। मौके पर पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सुनील पांडेय, अरविंद पांडेय, अखलेश पांडेय, मंगल राम,लक्ष्मी मिस्त्री, महेंद्र विश्वकर्मा, सतेंद्र सोनी, अशोक राम, लाल मोहन पासवान, हरी प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को मिलेगी सहूलियत : प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** पलामू जिला अंतर्गत ग्राम कधवन में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। धान क्रय केंद्र खुलने से लोगों में खुशी झलक रही थी । वही उद्घाटन समारोह में ब्लॉक प्रमुख रंभा कुमारी ,उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह ,पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र उर्फ धीरू सिंह उपस्थित थे । उपस्थित सभी प्रमुख लोगों के द्वारा फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया । उपस्थित प्रमुख रंभा देवी ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुलना क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत ही जरूरी कार्य था। यह कार्य हो जाने से किसान को धान क्रय केंद्र पर धान बेचने में सहूलियत मिलेगी । ऐसे कार्य होने से क्षेत्र का विकास होता है । वहीं उपस्थित उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि क्रय केंद्र खुलने से लोगों को धान बेचने एवं उचित दाम समय पर मिलने की बात कही। अब लोगों को धान बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा । मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास भाजपा नेता सतीईश्वर प्रसाद सिंह ,प्रदीप सिंह ,श्रीकांत पाठक, वार्ड सदस्य डीकु सहित अगल-बगल इलाके से काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
(विकास–शाखा)

### सूचना

लोहरदगा जिला के नदिया में अवस्थित विज्ञान केन्द्र, लोहरदगा में छात्रों को JEE एवं NEET की तैयारी कराने हेतु लोहरदगा जिला DMFT मद से निम्नांकित विशय के अनुभवी एवं योग्य की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती हैं :–

| क्र | विषय का नाम | पद का नाम | पदों की संख्या | न्यूनतम योग्यता | निर्धारित मानदेय (प्रति घंटा आधारित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रसायन शास्त्र | रसायन शास्त्र शिक्षक–सह–परामर्शी | 1 | रसायन शास्त्र विषय में प्रथम क्षेणी स्नातकोतर अथवा इंजीनियरिंग/मेडिकल विषय में प्रथम क्षेणी में स्नातक | राज्य के डिग्री कॉलेज में संविदा के आधार पर घंटी आधारित मानदेय के अनुरूप |

चयनित शिक्षक–सह–परामर्शी को सर्वप्रथम 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा एक वर्ष के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले एक वर्ष हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। संबंधित विशय के इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार दिनांक 23.01.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN–835302 में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक से समर्पित करेंगे।

नोट :– नियुक्ति से संबंधित योग्यता एवं आवेदन–पत्र का प्रारूप सहित विस्तृत जानकारी **https://www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, लोहरदगा | उप विकास आयुक्त, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 287600 Lohardaga(22-23)D


# नेतरहाट में सांसद खेल स्पर्धा का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** चतरा लोकसभा संयोजक सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी तक नेतरहाट में आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह एक सराहनीय कदम है। इस पहल को चतरा लोक सभा सांसद सुनील कुमार सिंह साकार करने में लगे हुए हैं। खेल स्पर्धा को पूर्ण रूप से सफल बनाने में सांसद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के युवा वर्ग को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतर मौका मिलेगा । ताकि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चें राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सके, और अपने गांव समाज का नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता में प्रतिभागी भाला फेंक, गोला फेक, लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर की दौड़, रेस जैसे अन्य खेल मे भाग लेंगे एवं अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। इस खेल में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चें शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा खिलाड़ियों के लिए बस की व्यवस्था की गई है तथा भोजन एवं आवासन की समुचित व्यवस्था नेतरहाट में किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतरा सांसद जिला प्रतिनिधि ललित मेहता, प्रखंड प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडये, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, भाजयुमो जिला आईटी सेल प्रभारी, ओम प्रकाश दुबे, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, साधु मांझी, श्यामनंदन ओझा, कुंदन सिंह, शत्रुघन सिंह, कार्तिक सिंह, सोनू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### प्रथम शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-21/2022–23, दिनांक–29.12.2022 द्वारा सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजना, बुढ़ा पहाड़, प्रखण्ड बडगड़ का कार्य जो **PR No. 286363** Drinking Water and Sanitation (22-23).D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 24,60,855.00 | 24,41,580.00 |
| 2 | अग्रधन की राशि (रू0 में) | 49,500.00 | 49,000.00 |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | 5000.00 | —— वही —— |
| 4 | परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि | 05.01.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से | 17.01.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 12.01.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक | 18.01.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.01.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में | 18.01.2023 को 04.30 बजे अपराह्न तक |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गढ़वा।

PR 287567 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
**समाहरणालय भवन, ब्लॉक 'सी' कमरानं.–09, मेदिनीनगर**
ईमेल-jepcpalamau@gmail.com&jepcpalamau@rediffmail.com

### आवश्यक सूचना
### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से संबंधित सूचना

श्रीमती निहारिका कुमारी,पूर्णकालिक स0विज्ञान शिक्षिका,क0गा0बा0वि0पांकी, श्रीमती अंजु कुमारी पूर्णकालिक भाषा शि0,क0गा0बा0वि0पांकी, एवं श्रीमती कविता जायसवाल पूर्णकालिक, स0विज्ञान शिक्षिका, क0गा0बा0वि0पाण्डू, जिला–पलामू।

लम्बे अवधि तक विद्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण आप सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी,स्पष्टीकरण का जवाब आज तक अप्राप्त है।

अत: अंतिम मौका देते हुए निदेश दिया जाता है कि आप सभी दिनांक24.01.2023 तक विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करें अन्यथा आप सभी की संविदा रद्द कर दी जाएगी।

इसे अतिआवश्यक समझे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,पलामू

PR287577 (Jharkhand Education Project Council)22-23*D



## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
दूरभाष सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

### KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
### (3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)**
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–शंखा, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–58**
**पत्रांक 17(E)/भू0अ0, दिनांक 07.01.2023**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | शंखा | 41 | 12 | 0.2527 | टांड़ 2 | 0.2527 | 1 | श्री कृष्णा शुक्ला वो राधेश्याम शुक्ला पिता स्व0 श्रीधर शुक्ला | |
| 2 | | 1 | 29/2 | 0.0050 | टांड़ 1 | 0.0050 | 2 | चन्द्रिका साहु पिता स्व0 सागर साहु | |
| 3 | | 1 | 29/1 | 0.0100 | टांड़ 1 | 0.0100 | 3 | प्राणपति कुंवर पति स्व0 विगन साहु | |
| 4 | | 1 | 29/3 | 0.0250 | टाड़–1 खपरैल मकान आटा चक्की मील | 0.0250 | 4 | बच्चन प्रसाद गुप्ता वो सत्येन्द्र प्रसाद पिता स्व0 नकछेदी साहु | |
| | | | कुल | 0.2927 | | 0.2927 | | | |

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू | अपर समाहर्ता, पलामू | उपायुक्त, पलामू

PR 287591 Land Reforms(22-23)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### स्वर्णकार संघ की बैठक में लिए गये कई निर्णय

**मेदिनीनगर।** स्थानीय विष्णु मंदिर के परिसर में रविवार को जिला स्वर्णकार संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने किया। बैठक में सदस्यों की संख्या अपेक्षित रूप से कम रहने के कारण आगामी बैठक की रूपरेखा तैयार की गई। आगामी बैठक में संगठन को मजबूती एवं पुनः अध्यक्ष पद हेतु चुनाव पर विशेष रूप से चर्चा की बात कही गई। आगामी बैठक बुधवार को समय संध्या 7:00 बजे से स्थानीय होटल रिलैक्स इन में आयोजित की गई है। जिसमें समाज को एकजुट करने हेतु सभी पदाधिकारी को उपस्थित रहने को कहा गया है। मौके पर युगल किशोर शरण,धनंजय सोनी, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### युवक ने रक्त देकर बचाई गर्भवती महिला की जान

**मेदिनीनगर।** एम आई लाईफ स्टाइल एलीमेंट्स वेलनेस के हेल्थ प्रोडक्ट मैनेजमेंट अभिजीत कुमार ने रविवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से आशीर्वाद हॉस्पिटल लेस्लीगंज में भर्ती कुसुम देवी को अपना ब्लड देकर मौत के मुंह से बचा लिया। प्रसव के दौरान ज्यादा रक्त बहने के कारण महिला काफी गंभीर अवस्था में थीं। इसकी सूचना मिलने पर अभिजीत कुमार ने अपना खून देकर उसकी जान बचाई। इस समाज और देश को ऐसे ही ऊजार्वान और पीड़ा समझने वाले युवाओं की जरूरत है । उम्मीद है बाकी युवा भी इनसे प्रेरणा लेंगे।

### विवाह मंडप व नाली मरम्मत निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड आठ में जपला विवाह मंडप भवन की मरम्मत और चिकटोली मोहल्ला स्थित वार्ड नं.-14 में कयूम राईन के घर से जसीम राईन के घर तक नाली निर्माण मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। यह योजना 11 लाख रुपये की लागत की है। उक्त दोनों निर्माण कार्य का शिलान्यास हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी,वार्ड पार्षद उमरावती देवी, सुनीता देवी,नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास के मौके पर हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आपने मुझे जिस विकास कार्य के लिए चुना है। मैं आपके क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहता हूँ। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का निराकरण ही मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर पार्षद अखिलेश यादव,अर्जुन प्रसाद गुप्ता, मो.सुहैल आलम, राजकुमार कश्यप, अजय कुमार, सबीर,मो. अनवर ,संजीत कुमार,मो. अलीम अंसारी, सूर्यनाथ पासवान, रवि यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने किया वनभोज का आयोजन

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज प्रखण्ड के कुंदरी पंचायत के मुखिया नीरा देवी पति- जितेंद्र शुक्ला पूर्व मुखिया कुंदरी के द्वारा 15 जनवरी रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर कुंदरी पंचायत के ग्राम - गोराडीह के निकट शीशम बगान में वनभोज कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर कुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस वनभोज के माध्यम से सामूहिक तौर पर सभी लोगों से मिलने का एक अलग महत्व है। उन्होंने नववर्ष पर सभी लोगों को बधाई दी और सुख, समृद्धि व शांति की शुभकामना की। वहीं वनभोज कार्यक्रम में आये युवा समाजसेवी रितीक रौशन शुक्ला उर्फ. मानस शुक्ला ने कहा कि इस तरह के वनभोज कार्यक्रम के बहाने ही हमलोग एक साथ बैठ कर भोजन करते हैं। जिसका आन्नद ही कुछ और है। क्योंकि किसी को समय नहीं मिल पाता है। इसलिए एक बार सभी साथी नहीं मिल पाते हैं। इस कार्यक्रम के मौके पर कुंदरी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण जनता शामिल हुए और जमकर मस्ती किया।

# योग गुरु बाबा रामदेव पलामू की धरती को 18-20 मार्च तक करेंगे नमन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निगम के महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सब का प्रयास रंग लाया है। योग गुरु बाबा रामदेव ने पलामू आने का न्योता स्वीकार कर लिया है। महापौर ने बताया की रविवार को पतंजलि हरिद्वार में उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए 18 से 20 मार्च के लिए पलामू आने की तारीख तय कर दी गई है। जिसकी सूचना पतंजलि इकाई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह पलामू



जिला प्रभारी ममता एवं राजीव ने दी। महापौर ने बताया कि यह पलामू का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। जिसमें सबों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। निगम इसके लिए विशेष तैयारी भी करेगा । क्योंकि कई राज्य से लोग हमारे अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु पतंजलि हरिद्वार से इसी माह 28 तारीख को एक टीम आयेगी। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी । महापौर ने बताया इस कार्यक्रम में पलामू चेंबर के अलावे जितने भी सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवसायिक संस्थान हैं। सबको साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी । क्योंकि यह पूरे पलामू प्रमंडल का कार्यक्रम है।

### पेंशनर समाज के अभिभावक होते हैं विधायक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पेंशनर समाज का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन बलराम ने की । इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ,पाटन छतरपुर के विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज भुइयां उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि पेंशनर समाज के अभिभावक होते हैं । उनके मार्गदर्शन से ही समाज का विकास संभव है। वहीं छतरपुर विधायक कहा कि यह पेंशनर समाज के साथ उनके हक और अधिकार के लिए कदम मिलाकर चलने को तैयार है। मौके पर शशि भूषण प्रसाद सहित सेवानिवृत्त शिक्षक और गणमान लोग उपस्थित थे।

# आरक्षण बचाओ मोर्चा का धरना प्रदर्शन आज

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।**ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा की ओर से सोमवार को आहुत स्थानीय समाहरणालय मे धरना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। आजसू के केन्द्रीय संयोजक सह मोर्चा के संरक्षक सतीश कुमार ने कहा कि पिछड़ा वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण व झारखण्ड में ट्रिपल टेस्ट कराकर ही सरकार को निकाय चुनाव कराने चाहिए। मोर्चा के संयोजक अजीत मेहता ने कहा कि हमारी लड़ाई पलामू के राजनीतिक फिजां का रग बदल देगी। हमारी एकजुटता पुरे झारखण्ड के ओबीसी समुदाय को दिशा देगी। डा0 रवि पाल संयोजक ने कहा कि महाधरना में ओबीसी समुदाय के लोगों का जुटान से सरकार को परेशानी में डालेगी। रौशन मेहता ने कहा कि हमारी आबादी पलामू मे 63 प्रतिशत है फिर भी हम पिछड़ा है। हम अपने हक अधिकार को लेकर रहेंगे। मौके पर जंगली महतो, धीरज शर्मा आदि लोगो ने कार्यक्रम की समीक्षा की। कार्यक्रम की शुरूआत अम्बेडकर पार्क से 11 बजे प्रदर्शन निकलेगी। जो जिला परिषद कार्यालय के सामने पहुंच कर धरना में तब्दील हो जायेगी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है । इसी के तहत वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सोमवार को रोटरी स्कूल चैनपुर में जागरूकता अभियान चलाया। सड़क पर दोपहिया, चारपहिया वाहनों को कैसे चलायें, पैदल यात्री क्या क्या सावधानियां बरतें, इन बातों की जानकारी बच्चों को दी गई । साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। जीवन अनमोल है, थोड़ी सी लापरवाही और जल्दीबाजी की वजह से इस अनमोल जीवन को खोने से बचाएं यह आह्वान किया । मौके पर रोटरी स्कूल के डायरेक्टर अनुग्रह नारायण शर्मा, प्राचार्य असलेश पांडे, ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, शिक्षिका स्मिता सिंह, पूनम पांडे, राखी सोनी, अमित श्रीवास्तव, लक्ष्य श्रेष्ठ, संध्या अग्रवाल, कंचन गुप्ता और रिनू शर्मा उपस्थित थे।

## सांसद ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को जाना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद ने रविवार को ग्रामीणों के साथ थर्ड रेलवे लाइन का पुल नंबर 292 का निरीक्षण किया। साथ ही डीआरएम को अनुशंसा कर कर तेलिया बांध व बखारी के ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीणों ने पूर्व में शिकायत की थी कि बरसात में पानी जमा हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सुआ बुढ़वा ,पीपर और बखारी में अंडरपास बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि सुआ बुढ़वा में भी अंडर ग्राउंड क्रॉसिंग निर्माण की मांग काफी पुरानी है । इसे देखते हुए सांसद



ने रेलवे अधिकारी को बुलाकर तत्काल काम चालू कराने का निर्देश दिया। साथ ही सांसद ने सदर प्रखंड के पोलपोल में मंटू प्रसाद की माता के विगत दिनों मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत झाबर में स्व० अशोक राम की असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर भी पहुंचे और परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर भाजपा के पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक, जिला परिषद बासु देवी, भाजपा नेता सुशील सिंह, कौड़िया मुखिया अंजना कुमारी सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि हिरदया सिंह, बीस सूत्री सदस्य अब्दुल हसन, आनंद सिंह, मुखिया पति कौड़िया रविंदर सिंह, सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद साह, अनिल कुमार मेहता, कलाम अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य बादल राम, सरस्वती देवी, शिक्षक बहादुर सिंह, संतोष प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनाथ बच्चों के बीच छात्रों ने मनाई मकर संक्रान्ति

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** मकर संक्रान्ति के मौके पर रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला स्कूल के छात्रों ने स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना के नेतृत्व में विद्यालय के करीब तीस विद्यार्थियों के साथ पलामू बाल गृह व वात्सल्य धाम के लोगों व अनाथ बच्चों के बीच चूड़ा,दही,तिलकुट,चाकलेट सहित कंबल आदि सामग्री का वितरण किया। जिसे पाकर अनाथ बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता की झलक दिखी। वहीं छात्रों के अंदर भी इस सेवा से समर्पण व संतुष्टि का भाव जागृत हुआ। बतादें की आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल परिवार हमेशा से शिक्षा,स्वास्थ्य व नैतिक आचरण के उत्थान के साथ साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को लेकर सजग व संवेदनशील रहा है। वही आदित्य बिड़ला स्कूल द्वारा किए गए इस उतप्रेरक कार्य की प्रशंसा क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी ने की है। कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना ने क्षेत्र वासियो के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि गरीब व अनाथ की सेवा ही सच्ची सेवा है।

## एसडीपीओ ने शेल्टर होम में मनाई मकर संक्रांति

### बच्चों के साथ बांटी खुशियां, पत्नी संग दिये उपहार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एसडीपीओ ने मकर संक्रांति का पर्व स्थानीय दो नंबर टाउन स्थित शेल्टर होम के बच्चों के साथ मनाया। इस दौरान एसडीपीओ ऋषभ गर्ग अपनी पत्नी वृषाली गर्ग के साथ यहां पहुंचे और बच्चों के साथ मकर संक्रांति मनाई। उन्हें दही, चूड़ा तिलकुट खिलाया और गर्म कपड़े उपहार के रूप में दिए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। शेल्टर होम संचालक ने एसडीपीओ और उनकी पत्नी का स्वागत किया। इसके बाद सभी



बच्चों को एकत्रित कर उन्हें मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने कहा कि समाज के प्रत्येक जिम्मेदार का यह फर्ज बनता है कि इस पर्व की खुशियां उन लोगों में बांटे, जो खुशियों से महरूम हैं। कहा कि किसी के पास रहने को घर नहीं है, तो किसी के पास अपनों का साथ नहीं है। तमाम लोग ऐसे भी हैं, जिनके न घर हैं न ही अपने। ऐसे में उन्हें पर्व की खुशियां बांटना असली पर्व मनाना है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चला वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यमराज के रूप में एक व्यक्ति लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दे रहा था। वही जो वाहन चालक हेलमेट पहनकर वाहन नहीं चला रहे थे। उनको यमराज के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया जा रहा था। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा सभी वाहनों के कागजात की जांच की गई। जांच के उपरांत जिन वाहन चालकों के पास वाहन का कागज नहीं पाया गया । उन्हें फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया।

## एलएडीसी के पद पर छह अधिवक्ताओं की नियुक्ति



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली( एलएडीसी) के पद पर चयनित छह अधिवक्ताओं ने सोमवार को कांट्रेक्ट पेपर भर कर कार्य करने में सहमति प्रदान किया है। पलामू जिले में नियुक्त ,मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील,उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील व सहायक कानूनी सहायता रक्षा वकील के पद पर चार अधिवक्ताओं ने सोमवार को सहमति पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जमा किया है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील में अमिताभ चन्द्र सिंह,उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा वकील में संतोष कुमार पांडेय,व सहायक कानूनी सहायता रक्षा वकील में वीर बक्स राय,पुष्कर राज, उत्तम कुमार व नीतू सिंह का चयन किया गया है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली आपराधिक मामलों का सामना कर रहे लोगों के लिए बनाया गया है। जो लोग अपने मामलों के लिए वकील का खर्च उठाने में सक्षम नही है। उन्होंने कहा कि लोक अभियोजक के ऑफिस के तर्ज पर कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली का एक ऑफिस है। जिसमें आपराधिक पक्ष पर सभी कानूनी सहायता कार्यो को देखा जायेगा। उन्होंने बताया कि इनके अंतर्गत वैसे लोगों को विधिक सेवाएं दी जायेगी । जो अपना मामला न्यायालय के समक्ष रख पाने में असमर्थ है। साथ ही जिनके पास इतने रुपये पैसे नही है और आय का कोई साधन नहीं है कि अपना मामला अदालत में रख सके। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22(1)14 के तहत कानूनी सहायता एक अधिकार है और 39 ए जरूरत मन्द नागरिकों को मुफ्त कानूनी सहायता का वकालत करता हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति,महिला,बच्चे,60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति ,मानसिक या शारीरिक रूप से दिव्यांग,जेल में बंद लोग,को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जाता हैं। विदित हो की एलएडीसी में किसी पात्र को पैसा नहीं खर्च होगा। सभी सुविधाएं मुफ्त प्रदान की जायेगी।

## विमला पांडेय स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कल

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** देश के पीएम परीक्षा से पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से वर्ष 2018 से परीक्षा के तनाव से छात्र-छात्राओं को दूर करने के लिए संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम से बच्चों में आत्मबल, आत्मविश्वास के साथ परीक्षा को उत्सव के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा मिलती है। इसी प्रेरणास्पद तथा उपयोगी मंत्रों को ध्यान रखते हुए पीएम के आवाहन पर पलामू सांसद वीडी राम के द्वारा उप कार्यक्रम पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को 9:30 बजे से स्थानीय हेरिटेज स्कूल एवं विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में 9वीं, 10वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्र-छात्रायें भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा तथा कार्यक्रम की तस्वीर सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी जायेगी। उक्त प्रतियोगिता में करीब 1200 से अधिक बच्चें भाग लेंगे। यही प्रतियोगिता पलामू लोकसभा अंतर्गत गढ़वा के आर के पब्लिक स्कूल में भी 12:00 बजे से कराया जायेगा । जिसमें 600 से अधिक छात्र-छात्राएं 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12 वीं कक्षा से भाग लेंगे ।

**प्रतियोगिता** — स्व. बद्री नारायण सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# बद्री नारायण सिंह व्यक्ति नहीं विचार थे : मनोज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर** पाटन प्रखंड के ग्राम हिसरा बरवाडीह मे स्वर्गीय बद्री नारायण सिंह नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता टूर्नामेंट के निदेशक सह समाज सेवी आजाद सिंह व संचालन समाजसेवी सतीश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वर्गीय बद्री नारायण सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार व पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सह भावी मेदिनीनगर नगर निगम के प्रत्याशी मनोज सिंह ने फीता काटकर व बैटिंग कर किया। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि बद्री नारायण सिंह व्यक्ति नहीं विचार थे । उनके याद में आज उनके परिजन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य है । उन्होंने कहा कि युवाओं का क्रिकेट खेल के प्रति काफी रुझान बढ़ा है । युवा खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं । इसके लिए उन्हें लगन से मेहनत करना होगा । उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार जीत तो लगा रहता है । मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बद्री नारायण सिंह अपने पर प्रखंड नहीं पुरे जिले में काफी चर्चित थे । चाहे उग्रवादी के साथ लड़ाई लड़ना हो चाहे समाज के लोगों का सेवा करने में कभी पीछे नहीं हटे। समाजसेवी आजाद सिंह ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष अपने बाबा स्वर्गीय बद्री नारायण सिंह के याद में कॉस्को क्रिकेट मैच का आयोजन करते रहेंगे। कमिटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया व बधाई दी । मौके पर टूर्नामेंट के संरक्षक शक्ति सिंह, राकेश सिंह ,मीडिया प्रभारी अंकिता आरंभा, छोटू सिंह, मनीष सिंह, अंकित शुक्ला ,अरविंद कुमार ,डब्लू सिंह, राजन सिंह रौशन सिंह, कुणाल सिंह, अभिनन्दन कुमार, अभिरंजन सिंह, हैप्पी सिंह, मुखिया शंकर पासवान, मनोज मेहता, वीरेंद्र शुक्ला, वशिष्ठ शुक्ला ,सोनल सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रदेश सचिव पूर्णिमा को मिला मनिका विधानसभा का प्रभार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव एवं विश्रामपुर विधानसभा की भावी प्रत्याशी पूर्णिमा पांडे को कांग्रेस पार्टी की तरफ से मनिका विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है । यह नियुक्ति झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के द्वारा किया गया है । 12 जनवरी को हुए रांची में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में यह घोषणा की गई कि प्रदेश महासचिव को राज्य के ज़िलों का प्रभार दिया गया है एवं प्रदेश सचिव को राज्य के विधानसभा का प्रभार दिया गया है । मालूम हो कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा पुरे देश भर में चलाये जा रहे भारत जोड़ों यात्रा को समाप्त होने के बाद पूरे देश भर में पार्टी के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है । जिसको सफल बनाने के लिये प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश सचिव को यह ज़िम्मेदारी दी गई है । इस अभियान के लिये पूरे प्रदेश भर में पंचायत एवं बूथ स्तर तक कमेटी बनाने का निर्णय लिया है । ताकि तत्कालीन सरकार एवं बीजेपी के द्वारा देश की जनता को जाति एवं धर्म के आधार पर नफरत फैलाकर जो तोड़ने का काम कर रही है।

NEWS इन ब्रीफ

### केतार में आज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित

**गढ़वा :** केतार में 17 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी सहायक अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि झगराखांड़ में निर्माणरत पावर ग्रिड के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है,उसी भवन के बगल से केतार जाने वाली मुख्य लाईन का 33 हजार केबीए के बिजली की तार गुजरी हुई है। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से 17 जनवरी को बिजली आपूर्ति बंद की गई है।

### मारपीट के मामले में नहीं हुई प्राथमिकी दर्ज एसपी से लगाई गुहार

**गढ़वा :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सारो गांव में पड़ोसियों की पिटाई से गंभीर रुप से घायल किशोरी के मामले में तीन दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। बताया गया कि पूनम कुमारी को घायलावस्था में लेकर उसकी मां सरिता देवी जब विशुनपुरा थाना में गई तो वहां प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। घायल किशोरी अभी भी सदर अस्पताल में जीवन व मौत से जूझ रही है। इस मामले को लेकर पूनम कुमारी की मां सरिता देवी पति धर्मदेव सिंह ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### विद्या भारती के समिति पदाधिकारी व पूर्व छात्रों का सम्मेलन कल से

**गढ़वा।** 18 जनवरी से 19 जनवरी तक विद्या भारती झारखंड के अंतर्गत चलने वाले सभी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के स्वावलंबी पूर्व छात्रों की बैठक मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ० कृष्ण गोपाल जी के साथ रांची स्थिति आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुदलुम में 18 जनवरी से आयोजित होने वाली है । इस बैठक का उदेश राष्ट्रीय चेतना के साथ शिक्षा, स्वास्थ, संस्कृति,सामाजिक समरसता शिक्षा के मूल भाव को मजबूती प्रदान करना है ।

### ग्रामीणों ने की दूसरी जगहों पर जलमीनार लगाने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 17 के ग्रामीणों ने कार्यपालक पदाधिकारी आलोक दुबे को आवेदन देकर पाल्हे कलां स्थित विश्वकर्मा टोला में राजेंद्र विश्वकर्मा के घर के पास गड़ रहे जलमीनार को रोक लगाते हुए दूसरे जगह गड़वाने की मांग किया है। ग्रामीणों ने आवेदन में लिखा है की विश्वकर्मा टोला में जलमीनार राजेंद्र विश्वकर्मा के घर के पास जो गड़ रहा उस बोर में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। जिसमें ग्रामीणों को भरपूर पानी नहीं मिल सकता है। जो सरकार का पैसा का उपयोग नहीं हो पाएगा ।

# खरौंधी में शिवलिंग स्थापना के लिए निकली शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को खरौंधी के लोगों ने भगवान शिव की शोभा यात्रा निकाल शिव लिंग की स्थापना किया। भगवान शिव की शोभा यात्रा बजरमरवा के सैकड़ों ग्रामीण, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निकाला गया। शोभायात्रा बजरमरवा से चलकर खरौंधी बाजार स्थित देवी मंदिर तक गया। देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात वापस झुरीबांध गांव होते हुए गजधरा बांध तक गया। जहां नव निर्मित चबूतरा पर भगवान शकर की शिव लिंग की स्थापना किया गया। शोभा यात्रा के दौरान एक डोली में भगवान शंकर की शिव लिंग को भी साथ लेकर शोभा यात्रा में लोग चल रहे थे। इस दौरान बजरमरवा निवासी वरिष्ठ नागरिक रामप्रीत गुप्ता ने बताया गांव की विजय साह की 18 वर्षीय छोटी लड़की पार्वती कुमारी बचपन से भगवान शिव की भक्त थी। वह प्रत्येक सोमवार को गांव के समीप खुरधन पहाड़ पर स्थापित शिव मंदिर में विराजमान भगवान शिव की पूजा करने जाया करती थी। उसको पिछले 4 माह में 14 बार सांप काट लिया था। जब उसे 14 बार सांप के काटने से उसे कुछ नहीं हुआ तो लोगो ने और खुद पार्वती कुमारी का मानना था कि वह भगवान शंकर की भक्त है। साथ ही भगवान शिव की असीम कृपा है। इसलिए उसे 14 बार सर्प दंश के बाद भी कुछ नही हुआ। ऐसे में भगवान शिव की अपने ऊपर विशेष कृपा से आह्लादित होकर पार्वती कुमारी भगवान शिव की विशेष पूजा करने लगी। दो सप्ताह पूर्व पिछले सोमवार को वह खुरधान पहाड़ी पर स्थापित भगवान शिव मंदिर में पूजा अर्चना व जलाभिषेक करने गई थी।



जैसे ही वह मंदिर का दरवाजा खोली तो उसे मंदिर में स्थापित शिव लिंग के पास सोने का कमल के फूल के आकार के एक द्रव्य दिखाई दिया। उसने आंखों को बंद कर भगवान शिव की आराधना कर बोली भगवान मुझे धन नहीं चाहिए। बल्कि मुझे मेरा मन, तन और शरीर सब स्वस्थ रहे ऐसा आशीर्वाद दीजिए। इसके पश्चात उसने आंखे खोली तो वह फूल के आकार का द्रव्य गायब था।

# खरौंधी अंचल के अमीन व पूर्व सदर जाकिर हुसैन का निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर।** खरौंधी अंचल अमीन व कुशड़ड़ ग्राम निवासी पूर्व सदर जाकिर हुसैन का निधन पर कुशडंड कब्रिस्तान में सोमवार को सुपुर्दे खाक किया गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। जनाजे की नमाज पिरे तरीकत हुजूर अमीने मिल्लत के द्वारा पढ़ाया गया। जानकारी मुताबिक अमीन जाकिर हुसैन 12 जनवरी को अपने प्रतिदिन की तरह ड्यूटी के खरौंधी गए थे। अचानक पेट दर्द की बात कहने लगे तभी वहां अंचल कर्मियों के द्वारा आफन फानन में नगर उंटारी ला गया। फिर इलाज के लिए परिजनों द्वारा गढ़वा



में इलाज कराया गया। फिर भी तबीयत ठीक नहीं हुआ तो परिजनों के द्वारा रांची स्थित आलम हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज दौरान अमीन जाकिर हुसैन मृत्यु हो गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। अमीन जाकिर हुसैन निधन की खबर आग तरह फैल गया। खरौंधी अंचल कमीयों लोग मृतक परिजनों से मिलकर ढाढ़स बढ़ाया। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी,झामुमो जिलाउपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, राजद नेता अभय पांडेय, जदयू जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश बबलू, तस्लीम खान, शमीम अंसारी, मुखिया राजकुमार, मुश्ताक अहमद शेख, हाजी नेजाम खान, जियाउदिन अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए।

### अंचल अमीन के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी अंचल के अंचल अमीन मो जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दो मिनट का मौन रख मृतक की आत्मा की शांति व शोक संतप्त स्वजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक सभा के बाद कार्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया।

# स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल पर

**धुरकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी संविदा कर्मी एवं एएनएम, एजीएम एवं पारा मेडिकल कर्मी ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। जिस कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में मरीजों का देखरेख में काफी परेशानी हुई। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि संविदा कर्मियों एवं एएनएम, एजीएम को हड़ताल पर जाने से जहां ओपीडी प्रभावित हुआ है। वहीं प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं के लिए काफी परेशानी बड़ी है। प्रसव के लिए हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था से इसकी व्यवस्था कर रहे हैं। वह ओपीडी प्रभावित ना हो इसके लिए ध्यान दिया जा रहा है। खासकर इमरजेंसी सेवा प्रभावित ना हो इसके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था से काम किया जायेगा।

### प्रखंड स्तरीय मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन

# रोजगार सेवक, पंचायत सचिव-कंप्यूटर ऑपरेटर पर 37,400 रु. लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय मनरेगा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें सोशल आडिट की टीम से अमित कुमार यादव, संतोष पासवान, विजय मेहता शामिल हुये। जबकि ज्यूरी पैनल में डीआरपी नवीन कुमार गौतम, लोकपाल शुशील कुमार तिवारी, प्रमुख चंद्रावती देवी एवं जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद उपस्थित थे।यह जनसुनवाई केतार,बलिगढ़ और मुकुन्दपुर पंचायत का आयोजित था।सर्व प्रथम केतार पंचायत का मनरेगा जनसुनवाई हुआ। जिसमें मनरेगा के तहत कार्य किये गये 70 योजनाओं का रेकड़ उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके कारण ज्यूरी पैनल की ओर से 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं 31 योजनाओं की मापी पुस्तिका जनसुनवाई स्थल पर नही था जिसे ज्यूरी पैनल के द्वारा माफ किया गया।साथ ही आठ योजनाओं का मास्टर रौल नहीं होने पर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और कम्प्यूटर आपरेटर पर 2400 रू का जुमार्ना लगाया गया।वहीं 6 योजनाओं का बिल वाउचर नहीं होने के कारण उक्त मामले को जिला जनसुनवाई में भेजा गया।खबर लिखे जाने तक देर शाम तक जनसुनवाई जारी था।इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, जेई अमर भारती, पंचायत सचिव राजीव कुमार,बीपीओ मनोज कुमार,विकर्मा सिंह, उमेश दुबे, सुर्य नाथ सिंह,दिनदयाल गुप्ता, नागेन्द्र ठाकुर,छोटन सिंह,उदय प्रसाद, सीताराम जयसवाल, विवेक गुप्ता,रमेश राम, सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।।

### बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन सक्रिय

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने सोमवार को गोसाईबाग मैदान कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड के लिये महदेइया स्थित शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के निकट स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के बाद अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कार्यक्रम स्थल पर क्या क्या व्यवस्था किया जा सकता है। बाहर से आये कलाकारों को ठहरने तथा पार्किंग की व्यवस्था कहाँ किया जा सकता है, इसकी जायजा लिया जा रहा है।

# मुखिया ने किया स्कूल ड्रेस का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में वर्ग एक एवं दो में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मुखिया अनीता देवी द्वारा विद्यालय पोशाक एवं अन्य पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में कुल 69 बच्चें जो कक्षा 01 एवं 02 में पढ़ते है के बीच ड्रेस, स्वेटर एवं जूते बांटने के लिए प्राप्त हुए थे को इस वर्ग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दिया गया। साथ ही मुखिया अनिता देवी द्वारा अनुशासित बच्चो के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल, कटर, रबड़ एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया है। इस मौके पर वार्ड सदस्य



प्रदीप राम,मुख्य शिक्षक नन्द किशोर चौबे, शिक्षक रविन्द्र पाल,सहायक अध्यापक आशुतोष कुमार सिंह,किरण सिंह, मनोज सिंह, सुरेंद्र राम,एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उपस्थित थे। स्कूल ड्रेस पाकर बच्चे बहुत उत्साहित थे, इस संबंध में मुखिया ने कहा की एक सामान पोशाक से बच्चों में समानता की भावना बढ़ती है जो नव युग निर्माण में अहम होगा।

# संघर्ष समिति ने लिया हड़वार नदी का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** कल के राष्ट्रीय नवीन मेल खबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित बड़गड़ प्रखंड कार्यालय से सटे महुअटीकार स्थित कनहर नदी के हड़वार नामक स्थल से हो रहे अवैध बालू एवं पत्थर के उत्खनन पर प्रखंड विकास संघर्ष समिति ने कड़ा एतराज जताया है। संघर्ष समिति के लोगों ने अवैध उत्खनन की सूचना पर सोमवार को हड़वार नदी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सामूहिक रूप से कहा कि बड़गड़ प्रखंड के लिए यह स्थल प्रकृति ने उपहार स्वरूप दिया है। इसके साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संघर्ष समिति के लोगों ने प्रेस के समक्ष कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हड़वार नदी से अवैध उत्खनन करने वाले लोग इस पर रोक नहीं लगाते हैं तो संघर्ष समिति उनके प्रति कड़ा एक्शन लेगी एवं प्रशासन को कार्रवाई के लिए बाध्य करेगी। इस मौके पर संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य के रूप में संसद प्रतिनिधि आनन्द सोनी, विधयक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, मनोज राज ,संदीप गुप्ता ,जितेंद्र चंद्रवंशी ,प्रताप कुमार आदि उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में पैक्स केंद्र का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी स्थित पैक्स में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन सोमवार को प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, सी ओ रामा शंकर श्रीवास्तव, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदारी के लिये पैक्स का उद्घाटन किया गया। ताकि क्षेत्र के किसानों को अपने उपजे हुए खरीफ फसल धान की उचित मूल्य मिल सके। इसके लिये सरकार द्वारा साधारण धान की मूल्य 2050 रुपया निर्धारित दर तय किया गया है।उन्होंने कहा समय पर पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति केन्द्र खुल जाने से क्षेत्र के किसानों के लिये वरदान साबित होगा। पैक्स खुल जाने से छोटा किसान अपने उपजे हुए धान केन्द्र में बेच सकते है। पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में धान अधिप्राप्ति केंद्र आकर अपने धान को विक्रय कर इसका लाभ लें।

# कांग्रेस में रहकर पूर्व विधायक का काम करते हैं आशिक : आलमगीर



**नवीन मेल संवाददाता**


**गढ़वा।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आशिक अंसारी के बयान का निंदा करते हुए उन्हें पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी का आदमी बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष का बयान गुमराह करने वाला है, वह शुरूआत से ही कांग्रेस में रहकर भाजपा के नेताओं के लिए काम करते आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष रहते हुए आशिक अंसारी ने 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र तिवारी को मदद पहुंचाने का काम किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धि हेतु पार्टी के विचारधारा से परे जाकर पूर्व विधायक को मदद किया है। इनकी दोहरे कार्यशैली का नतीजा है कि कांग्रेस पार्टी पूरे जिले में शुन्य पर पहुंच गई है। वह सत्ता सुख हेतु कांग्रेसी बने हुए हैं पर वर्तमान में भी पूर्व विधायक के इशारे पर अपने ही सहयोगी दल के नेताओं पर बयानबाजी करते रहते हैं। आजतक आशिक अंसारी ने पूर्व विधायक पर कभी बयानबाजी नही किया हैं, उनकी गलत नीतियों पर सवाल नहीं उठाए है जिससे साबित होता है की वह किसके इशारे पर काम करते हैं। अंचला कब्रिस्तान का मामला संज्ञान में आते ही 2020 से ही मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कई मर्तबा समाधान के लिए एनएचएआई और केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर हल निकालने पर जोर दिया है। उनके प्रयास से ही फ्लाईओवर बनाने के लिए प्रस्ताव भी केंद्र सरकार और एनएचएआई को भेजा गया था परंतु एक साजिश के तहत उस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया।

**दहशत** | घर में घुसकर आदमखोर तेंदुआ ने बकरी का किया शिकार

# शूटर और तेंदुए के बीच चूहे-बिल्ली का खेल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गांव के पेड़ों पर अपने शिकार का इंतजार कर रहे तेंदुआ ने चांदनी रात के गायब होते ही 18 दिन बाद रविवार की रात तेतरडीह गांव के मैनेजर साव के घर में घुसकर बकरे का शिकार कर लिया। इतना ही नही शातिर तेंदूआ ने दबे पांव पहले घर में घुसकर बकरे को मारा । फिर उसे टांगकर खेतों में ले जाकर उसका मांस खाया । वहीं आराम से जंगलों की ओर निकल गया । इस दौरान घर के दूसरे कमरे में सो रहे मैनेजर साव के पुत्र व पत्नी को तेंदुआ के आने की भनक तक नही लगी । वह दबें पांव घर के बाहरी दरवाजा में लगे बांस की टाटी को छलांग मारकर रविवार की रात घर में घुसा। सुबह मामले की जानकरी के बाद शूटर नवाब शपथ अली खान ने तेतरडीह पहुंचकर मामले की जानकारी ली । वहीं तेंदुआ को फंसाने के लिये बचे हुये बकरी के मांस को डालकर पिंजड़ा लगाया है । उल्लेखनीय है कि तेतरडीह गांव से महज आधा किमी दूर शनिवार की रात तेंदूआ कुशवार गांव के प्रधान टोला में पेड़ो पर बैठकर शिकार की फिराक में था । वहीं अभियान के शुरूआती दौर में चांदनी रात होने के कारण उसे शिकार करने में परेशानी हो रही थी । इसी कारण वह बैरिया के क्षेत्र में गांवों तक पहुंचकर वापस लौट रहा था । लेकिन जैसे ही अंधेरी रात वाला समय आया उसने शुटर व वन विभाग की हर रणनीति को फेल करते हुये शिकार कर लिया। इधर सोमवार की दोपहर बिराजपुर के गंगा टोली में तेंदुआ के देखे जाने की खबर पर शुटर की टीम ने मामले की जांच की लेकिन वहां फुटमार्क नही मिलने के कारण इसकी पुष्टि नही हो पायी । हालांकि इस दौरान शूटर नवाब शपथ अली खान ने ग्रामीणों से विभिन्न बिंदुओं



पर जानकारी ली ।

### 11 दिनों से चल रहा चूहे बिल्ली का खेल

पिछले 11 दिनों से बैरिया-कुशवार के जंगल को ठिकाना बना चुके आदमखोर तेंदूआ को फसाने के लिये शूटर की टीम बैरिया व कुशवार गांव में केज सहित मांस लटकाने के अलावे अन्य सभी रणनीति अपना रही है लेकिन अभियान के 11 दिनों के बाद भी शूटर और तेंदूआ के बीच चूहे-बिल्ली का खेल चल रहा है ।शूटर के हर संभावित क्षेत्र में लगाये गये जाल से बचकर वह अपने शिकार की तलाश कर ले रहा है । गौरतलब है कि हरेंद्र घासी को मारने के बाद कुशवार गांव में पिंजड़ा लगाया गया। लेकिन तेंदुआ पिंजड़ा से थोड़ी दूर प्रधान टोला में पेड़ो पर बैठकर शिकार का इंतजार करते हुये देखा गया ।इसके दूसरे दिन ही कुशवार से आधा किमी दूर तेतरडीह में शिकार कर लिया । वहीं इसी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने वाली टीम को इसकी भनक तक नही लगी ।

### हरेंद्र की मां को मिला मुआवजा की राशि

सोमवार को भंडरिया वन क्षेत्र कार्यालय में रेंजर कन्हैया राम ने मुआवजा की राशि चार लाख रुपये का चेक हरेंद्र की मां को सौंपा।

इस दौरान मुखिया विनोद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे । गौरतलब है कि पिछले 28 दिसंबर की शाम कुशवार गांव में आदमखोर तेंदुआ ने सात वर्षीय हरेंद्र को मार डाला था ।

### मोटरसाइकिल से गिरकर घायल

**गढ़वा:** गढ़वा थाना क्षेत्र के मधेया गांव निवासी धनवंती देवी पति सकेंद्र राम मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार धनवंती देवी अपने पति सकेंद्र राम के साथ मोटरसाइकिल से इलाज कराने गढ़वा शहर में आई थी। इस दौरान शहर के मझिआंव मोड़ के समीप धनवंती देवी चलते हुए मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गई। घटना में घायल के चेहरे में चोट लगी है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन आज

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित कि गई है। इसकी जानकारी उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार ने दी। उन्होंने इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और प्रखंड कर्मियों को इस कार्यक्रम आमंत्रित किया है।

NEWS इन ब्रीफ

## विद्या भारती के समिति पदाधिकारी व पूर्व छात्रों का सम्मेलन कल से

**लातेहार।** विद्या भारती विद्यालय के समिति पदाधिकारी एवं स्वावलंबी पूर्व छात्रों का सम्मेलन दिनांक 18 एवं 19 जनवरी 2023 को आदित्य प्रकाश जालन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, श्री कृष्ण चंद गांधी शैक्षिक नगर, कुदलुम रांची में आयोजित हैं। उक्त कार्यक्रम में डॉ. गोपाल जी माननीय सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वावलंबी पूर्व छात्रों का सार्वजनिक कार्यक्रम दिनांक 19 जनवरी 2023 दिन गुरुवार को समय 12:30 बजे, स्थान आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलूम, नगडी रांची में संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार से 100 पूर्व स्वावलंबी छात्र भाग लेंगे। उक्त आशय की जानकारी अरुण कुमार चौधरी प्रधानाचार्य एवं पूर्व छात्र संयोजक अभिषेक अनिल सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार ने दी।

## 26 युवक-युवतियों को भेजा रांची, मिलेगा स्किल डेवलपमेंट का प्रशिक्षण

**पत्थलगड़(चतरा)।** सोमवार को पत्थलगाड़ा प्रखंड अंतगर्त सिंघानी व मेराल पंचायत से झारखंड सरकार के मेगा स्किल कौशल विकास योजना के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए रांची भेजा गया। सिंघानी मुखिया राधिका देवी ने युवक-युवतियों को शुभकामना देते हुवे स्किल डेवलपमेंट के प्रशिक्षण के लिए रांची रवाना किया। इस दौरान संस्था के प्रवेश कुमार ने बताया कि सिंघानी पंचायत से 13 व मेराल पंचायत से 13 कुल 26 बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया है। प्रशिक्षण करने के बाद सभी बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। 3 महीने सभी को ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिशियन लेवल 4, स्मार्टफोन असेंबली टेक्नीशियन, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी इनस्टॉलर, फिटर फेब्रिकेशन असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन का इच्छा अनुसार युवकों को ट्रेनिंग दिया जाएगा।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा

# लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करें: डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, भू अर्जन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास, पशुशेड निर्माण, समाज कल्याण, आपूर्ति विभाग, जॉब कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जन शिकायत के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर शेष मामलों का निष्पादन का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है, किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और शेष योग लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा केसीसी ऋण, पशुशेड निर्माण योजना के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुको को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, डाकिया योजना इत्यादि की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी सुयोग्य लाभुकों को इन योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच खाद्यान का उठाव एंव वितरण ससमय करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। जिले की प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग ऐसे विद्यालय की सूची उपलब्ध कराए जहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है ताकि प्राथमिकता के आधार पर शौचालय बनवाया जा सके। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूली बच्चो के नेत्र जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुको को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, निदेशक आईटीडीए श्री विन्देश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता श्री आलोक शिकारी कच्छप आदि उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति पर अनुकूलचंद्र जी का सत्संग कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के लुहुर ग्राम मकर संक्रांति के अवसर पर श्रीठाकुर अनुकूलचंद्र जी का सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्संग प्रातः कालीन प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। उसके बाद ग्रंथ पाठ सत्यनुसरण नारी नीति का पाठ भजन इष्टप्रसंग किया गया। सत्संग में नगर ऊंटारी से आये ऋतिविक श्रद्धये धृतिसुन्दर दादा एवं राजकुमार दादा ने चर्चा में बरवाडीह के सभी गुरु भाई काफी प्रभावित किया. सत्संग में प्रखंड के विद्यानन्द तिवारी भी अपने विचार रखे। सत्संग कार्यक्रम सरोज माता, रेखा पाठक गीता अर्चना, उपासना सिन्हा, श्रेष्ठ सिन्हा, आर्यन अग्रवाल, प्राची अग्रवाल ने भी ठाकुर जी के श्रीचरणों में भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक लोगों ने ऋतिविक धृतिसुन्दर दा के माध्यम से ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण किया। वहीं सत्संग समापन के बाद सभी लोगों ने प्रसाद( खिचड़ी) ग्रहण किये। सत्संग में अरुण प्रसाद, विद्यानन्द तिवारी, शंकर यादव, रामचंद्र यादव, जीतन यादव ,अमित अग्रवाल,अजित सिंह आदि मौजूद थे।

## मांगें मानने के बाद हड़ताल स्थगित

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में कार्यरत अंबे माइनिंग ज्वाइंट वेंचर के कार्यालय में सोमवार को कामगारों, जनप्रतिनिधियों, कंपनी व सीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों की प्रस्तावित हड़ताल को लेकर वार्ता हुई। जहां पूर्व में कामगारों के मांगों पर बनी सहमति को मानते हुए अंबे माइनिंग प्रबंधन ने जेनरल मजदूरों को जनवरी 23 से एक हजार रुपए अतिरिक्त मूल वेतन में बढ़ोतरी कर भुगतान करने की बात कही। दो मजदूरों को फरवरी माह से कंपनी के कार्य में रखने का सहमति पत्र दिया। उसके बाद प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को कामगारों ने सर्वसम्मति से स्थगित करने की घोषणा की।

## पुलिस ने 34 मोटरसाइकिल की जब्त 26 कोयला तस्करों को भेजा गया जेल

### 34 लोगों पर मामला दर्ज सहित आठ फरार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालूमाथ थाना पुलिस ने रविवार को मोटरसाइकिल से कोयला तस्करी के आरोप में 26 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद में बतलाया की पुलिस के वरीय अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी की बालूमाथ मासियातू मार्ग से मोटरसाइकिल से कोयला लेकर तस्करी के मनसा से ले जाया जा रहा था। जिस पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए बालूमाथ मासियातू मार्ग पर 34 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया और 26 लोगों को गिरफ्तार की गई अन्य 8 लोग मोटरसाइकिल छोड़ भागने में सफल रहे। जिस पर बालूमाथ में थाना में 15 /23 कांड दर्ज कर धारा 179/ 414 के तहत मामला दर्ज करते हुए। न्यायिक हिरासत लातेहार भेज दिया गया है।अन्य बचे 8 लोगों को पकड़ने के लिए छापामारी अभियान की जा रही है। बता दें कि एक मोटरसाइकिल में लगभग ढाई से 3 क्विंटल कोयला लोड है। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत हजारों रुपए की है। इस तरह से देखा जाए तो 34 मोटरसाइकिल मैं कई क्विंटल हो जाते हैं। जिसकी बाजार में कीमत लाख रुपए की होती है। ज्ञात हो कि उक्त मोटरसाइकिल से कोयला विभिन्न साइडिंग, माइंस से लोग लाकर जलावन के लिए या आसपास के किसी इट भट्टो में बेचने के लिए लाया करते हैं। पकड़े गए सभी मोटरसाइकिल से कोयला तस्करी के आरोपी बालूमाथ और बारियातू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिसके विरोध में स्थानीय और पकड़े गए कोयला चोरी आरोपी के परिजन रविवार थाना गेट के समक्ष सड़क पर हंगामा किए और यातायात मार्ग को भी कुछ समय के लिए बाधित करते नजर आए।

## जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता : श्रम मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सत्यानंद भोक्ता मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की अध्यक्षता में जिला परिषद, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष की उपस्थिति में जिले में संचालित विकास योजनाओं कि समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे राज्य में इस तरह की पहली बैठक चतरा में हो रही है। सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ आपस में बैठकर उनकी व उनकी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होने का यह बेहतर प्रयास है। प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के विकास को गति प्रदान करना है। हमसब जिले के विकास के लिए गम्भीरता पूर्वक प्रयासरत हैं। जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता है। मंत्री के आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद मद, पंचायती राज (15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजना), नगर परिषद मद से संचालित योजनाओं से संबंधित कार्यों कि बिन्दुवार समीक्षा करते हुए वैसे योजनाएं जिसका कार्य लगभगत पूर्ण की ओर है जल्द से जल्द पूर्ण करें तथा वैसे कार्य जो अभी लंबित है उसपर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में मंत्री द्वारा उपस्थित सभी क्षेत्र के जिप सदस्य, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष आदि को आमंत्रित किया गया।

## बालूमाथ प्रमुख-उप प्रमुख कार्यालय में हर बुधवार को लगेगा जनता दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रमुख व उप प्रमुख कार्यालय में प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार का आयोजन होना है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रमुख ममता देवी एवं उप प्रमुख कामेश्वर राम ने बताया कि क्षेत्र में ग्रामीण की समस्या या विकास के लिए प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण पेंशन संबंधित हो या क्षेत्र में पेयजल ,सड़क या कोई जमीन संबंधित मामला हो उसे समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।जिसके लिए ग्रामीण हर एक बुधवार को आवेदन के साथ अपना समस्या जनता दरबार में बताने की आग्रह की है।

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक...33 / दिनांक...09/01/2023

**आम सूचना**

आप सभी होर्डिंगधारियो / एजेंसियों तथा पूर्व से पंजीकृत एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग बोर्ड अधिष्ठापन हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए नए दर की वृद्धि, कार्यालय तथा 21वीं बोर्ड बैठक द्वारा स्वीकृत की गयी है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | अधिष्ठापन का स्थान | पंजीकृत होर्डिंग की दर |
|---|---|---|
| 1 | सरकारी | 80 Rs per sqft |
| 2 | गैर–सरकारी | 25 Rs per sqft |
| 3 | इलेक्ट्रिक पोल | 200 Rs per sqft |
| 4 | तोरण पोल(Toran pole) | 2000 for 3 Days |

अतः सभी होर्डिंगधारी / एजेंसी 2 माह के अन्दर वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए होर्डिंग शुल्क नए दर से कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर जमा करें। कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रकार का होर्डिंग बोर्ड प्रतिष्ठापन करने का बढ़ा हुआ दर दिनांक 01.01.2023 से लागू की जाती है।

ह0 / –
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 287529 (District)22-23*D

## रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 अंतर्गत उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शहर के जतराहीबाग चैक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए स्वयं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दौड़ लगाया। साथ हीं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह समेत जिला एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी, कर्मी शामिल थे। उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु जिला परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आम लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु इसी प्रकार अलग-अलग तरह से व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। मीडिया के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सभी से अपील किया कि अपने एवं परिवार के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें, सीट-बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें। यातायात नियमों का पालन अवश्य करने की अपील की।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक महेंद्र सिंह, दी श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
अखिल भारतीय किसान सभा के द्वारा सोमवार को कार्यालय में बगोदर के पूर्व विधायक क्रांतिकारी महेंद्र सिंह की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी साथियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया। पुण्य तिथि बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि महेंद्र सिंह बगोदर विधानसभा से चुनाव जरूर जीते थे लेकिन पूरे झारखंड के मजदूरों किसानों शोषित और पीड़ित दलितों सहित आम जनता की आवाज को झारखंड विधानसभा में लोकतांत्रिक तरीके से उठाते थे जो माफिया एवं सामंती गठजोड़ के लोगों को बर्दाश्त नहीं हुआ और एक साजिश के तहत लोकतंत्र के दुश्मनों ने जननायक विचार क्रांति के योद्धा महेंद्र सिंह को दुर्गी धनिया गांव में एक सभा को संबोधित करने के क्रम में गोली मारकर हत्या कर दी। कामरेड महेंद्र सिंह ने संघर्ष के बल पर सर्वहारा वर्ग शोषित पीड़ित जनता की आवाज को बिहार झारखंड में बुलंद किया। कामरेड महेंद्र सिंह अपने राजनीतिक जीवन में समाज में अन्याय के खिलाफ और वक्त की जरूरतों के मुताबिक कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया। बैठक में भाकपा अंचल सचिव अनिल साहू ने मजदूरों किसानों के लिए संघर्ष करने और संगठन को मजबूत करने पर अपना विचार दिया। बैठक में इंदुभूषण पाठक, बाबूलाल गंझु, इंदुभूषण रजक,तेजू राम, शत्रुघ्न गंझु, शर्मा गंझु, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 12 / 2022–23**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2023 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.01.2023 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.01.2023 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–
   1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
8 कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of MTC Ward in.......Garu Latehar Dist. | 2250337.00 | 45500/ - | 5000 /- | 45 (Forty five ) Days |
| 2 | Construction of MTC Ward in.......Garu Latehar Dist. | 2250337.00 | 45500/ - | 5000 /- | 45 (Forty five ) Days |
| 3 | Construction of MTC Ward in.......Manika Latehar Dist. | 2250337.00 | 45500/ - | 5000 /- | 45 (Forty five ) Days |
| 4 | Construction of MTC Ward in .......Barwadih Latehar Dist. | 2250337.00 | 45500/ - | 5000 /- | 45 (Forty five ) Days |
| 5 | Construction of MTC Ward in.......Mahuadar Latehar Dist. | 2250337.00 | 45500/ - | 5000 /- | 45 (Forty five ) Days |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 287550 Building(22-23).D

सराहना | सीआरपीएफ के डीजी ने बूढ़ा पहाड़ का किया दौरा

# जवानों का बढ़ाया हौसला, बांटे कंबल-फल



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
सीआरपीएफ डीजी एस एल थाउसेन ने बूढ़ा पहाड़ में फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात जवानों का हौसला बढ़ाया और बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को नक्सल मुक्त सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बूढ़ा पहाड़ के आसपास के ग्रामीणों से भी संवाद किया। सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच कंबल, मिठाई व फल वितरण किया। उनके साथ मध्य क्षेत्र एडीजी वितुल कुमार, सीआरपीएफ आईजी ऑपरेशन राजीव कुमार, सीआरपीएफ झारखण्ड सेक्टर आईजी अमित कुमार, पलामू रेंज सीआरपीएफ डीआईजी विनय नेगी, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, 172 बटालियन के कमानडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह, 218 व 62 बटालियन के अधिकारी समेत गढ़वा पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बूढ़ा पहाड़ पर 32 सालों से था नक्सलियों का कब्जा

सूबे में माओवादी नक्सलियों के सबसे बड़े गढ़ बूढ़ा पहाड़ को सुरक्षा बलों और पुलिस ने पूरी तरह से फतह कर लिया है। बूढ़ा पहाड़ की चोटियों पर अब पुलिस का कैम्प है। गत 16 सितंबर को पहाड़ पर वायु सेना का एमआई हेलीकॉप्टर उतारा गया। जवानों ने तालियां बजाकर जीत की खुशी का इजहार किया था। 55 वर्ग किलोमीटर में फैले बूढ़ा पहाड़ पर पिछले 32 सालों से नक्सलियों का कब्जा था। झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के जंगलों पर आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार और झारखंड के टॉप नक्सली लीडर और रणनीतिकार पनाह लिया करते थे। माओवादियों के पोलित ब्यूरो और सेन्ट्रल कमिटी के अरविन्द उर्फ देवकुमार सिंह, सुधाकरन, मिथिलेश महतो, विवेक आर्या, प्रमोद मिश्रा, विमल यादव, सहित कई बड़े टॉप नक्सली लीडरों की मौजूद रहने की जानकारी पुलिस को मिलती थी। नक्सलियों ने कई बंकर और शास्त्रागार भी थे। ट्रेनिंग कैम्प में नक्सलियों ने कई फौजी दस्ते तैयार किये थे। इलाके को नक्सलियों से मुक्त कराने का बड़ा अभियान वर्ष 2018 में चलाया गया था। नक्सलियों ने बारूदी सुरंग से पहाड़ की ओर बढ़ रहे सुरक्षा बलों के छह जवानों को उड़ा दिया था। पहाड़ पर पहुंचने वाले हर रास्ते पर आईडी बिछा रखे थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### नेहरू युवा केंद्र ने चलाया गया स्वच्छता अभियान



**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के चौथे दिन सामाजिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रखंड कोलेबिरा के चटकटोली और प्रखंड पाकरटांड में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी ने युवा शपथ ली। कोलेबिरा में स्वच्छता कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरव बड़ाईक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल चटकटोली के सदस्यगण और अन्य युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं पाकरटांड में कार्यक्रम निरंजन साहू के नेतृत्व में किया गया। वहां पाकरटांड प्रखंड के युवा मंडल सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों में फैली गंदगी को साफ कर स्वच्छ और सुन्दर ग्राम बनाने का संदेश दिया।

### क्विज कॉन्टेस्ट व ड्राइंग कंपटीशन आयोजित



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं के बीच नदिया हिंदू हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज कॉन्टेस्ट तथा ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत सारे महत्वपूर्ण बातों को रखा, वहीं छात्राओं के द्वारा भी सड़क सुरक्षा को लेकर एक से बढ़कर एक ड्राइंग के माध्यम से सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल अनिता कुमारी, आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष यादव, नोडल शिक्षक निश्चल मिज, रविशंकर द्विवेदी, चंद्रकांता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### ओमनी कार ने मारी टक्कर, युवक घायल

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के ओरिया गांव के प्रभु राम उरांव उम्र लगभग 28साल पिता झारी उरांव को एक तेज गति का ओमनी कार ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसके बाद परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले कर गये। युवक के सर व पैर सहित कई अन्य हिस्से पर गंभीर चोट आई है जिसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना की सुचना पर मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन रात लगभग 10:30बजे सदर अस्पताल पहुंच कर घायल युवक के परिजन से मिल कर घटना की जानकारी लिए। ओमनी कार चालक व मालिक गुमला के है और परिजनों के संपर्क में है। युवक के इलाज में जो भी खर्च होगा ओमनी कार मालिक द्वारा लिया गया है। अगर इस मजदूर वर्ग के परिजन को उचित मुवाआजा नहीं मिलते है तो उचित कानुनी करवाई कराया जाएगा।

### युवक-युवतियों का निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शुरू

**लोहरदगा।** विशेष केंद्रीय सहायता मद (एससीए) के तहत लोहरदगा जिला के युवक-युवतियों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण का सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण पुराना डीआरडीए भवन में संचालित किया जा रहा है। अभी प्रशिक्षण के तीन सत्र आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें कुल 75 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर कम्प्यूटर प्रशिक्षक रत्नप्रभा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

# 100 प्रतिशत टार्गेट अचीव करें: डीसी

**सोमवार को सिमडेगा के उपायुक्त ने दो टूक कहा: हर विभाग के लोगों से उन्हें 100 पर्सेंट रिजल्ट चाहिए। ये कैसे होगा, लोग खुद से तय कर लें। उन्होंने हर विभाग के लोगों से अपील की कि वे जी-जान से लग जाएं तो लक्ष्य प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।**

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में

### मजदुरों का आधार की प्रविष्टि एमआईएस में शत प्रतिशत आधार सीडिंग कार्य को सुनिश्चित कराने का निर्देश



ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने मनरेगा, मानव दिवस सृजन, 100 दिन का रोजगार सृजन, पोटो हो खेल विकास योजना, आधार सीडिंग, पीएम आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, योजना पूर्णता की स्थिति, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं अन्य ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

मानव दिवस सृजन की समीक्षा कर उपायुक्त ने जिला के औसत प्रतिशत से भी कम उपलब्धी प्राप्त करने वाले प्रखंड को मानव दिवस सृजन की औसत प्रगति को बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। प्रति माह लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कराने की बात कहीं।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के अंतर्गत प्रखंडवार खेल मैदान निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिन प्रखंड में निर्माण कार्य अधूरे है, उसे ससमय पूर्ण कराने की बात कहीं। उन्होंने आधार सीडिंग की समीक्षा के क्रम कहा कि इससे संबंधित कार्य को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी मजदुरों का आधार की प्रविष्टि एमआईएस में शत प्रतिशत आधार सीडिंग कार्य को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्र से संबंधित कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये, साथ ही लंबित कार्य को ससमय पूर्ण कराने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, वित्तीय वर्ष 2022-23 प्री मैट्रिक छात्रवृति व अन्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, पंचायती राज पदाधिकारी मो शहजाद परवेज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मीगण सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी के स्टेनो बने डिप्टी कलेक्टर

## शुभकामना सभा आयोजित कर दी गयी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा के आशुलिपिक बाल किशोर शाहदेव प्रथम सीमित उप समाहर्ता की परीक्षा पास करके डिप्टी कलेक्टर बनने में सफलता प्राप्त की. परीक्षा की प्रक्रिया वर्ष 2005 से चल रही थी. 17 साल बीत जाने के बाद परिणाम निकला और चौथा स्थान बाल किशोर शाहदेव ने प्राप्त किया. उपायुक्त के आशुलिपिक के रूप में कार्य करते हुए डिप्टी कलेक्टर बनना लोहरदगा जिला एवं राज्य के अन्य कर्मियों के लिए एक उदाहरण और प्रेरणा माना जा रहा है. बालकिशोर शाहदेव ने अपनी सफलता का श्रेय लोहरदगा में पदस्थापित उपायुक्तों का सहयोग, प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा कर्मियों को दिया है। इधर उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोरनाथ शाहदेव के डिप्टी कलेक्टर में चयनित होने पर समाहरणालय सभागार में शुभकामना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि



एक लंबे इंतजार के बाद जब व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त होती है तो वह क्षण अविस्मरणीय होता है। यह वही पल है। आप इस पल को जी भर जियें। साथ ही, हम आशा करते हैं कि आपकी पोस्टिंग इसी जिले में हो। उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि 17 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह अद्भुत पल आपके जीवन में आया है। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, रजिस्ट्रार सुभाष दत्ता, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री शाहदेव के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी व समाहरणालय कर्मी उपस्थित थे।

# डीईओ ने किया बीआरसी का निरीक्षण, दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड संसाधन केंद्र में संचालित रिसोर्स रूम किस्को का जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमॉल के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली और कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्र मॉल ने कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाएं को बच्चों को हर हाल में मिले इसे लेकर विशेष रूप से कार्य करें। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देने की बात कही। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती इंदु अग्रवाल, रिसोर्स शिक्षक सतीश कुमार प्रजापति, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, सुलोचन कुमारी, अनुसेवक तबारक हुसैन अंसारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## पांच दिवसीय योग अभ्यास प्रशिक्षण शुरू



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के र मध्य विद्यालय पाकरबहार मे हेल्थ एन्ड वेलनेस कार्यक्रम के तहत आयुष्मान विभाग के द्वारा पांच दिवसीय योग अभ्यास प्रशिक्षण शुरू किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने बताया कि बोलबा प्रखण्ड के सभी स्कूल शिक्षको को योग अभ्यास का प्रशिक्षण लेना आवश्यक है। इसे विभिन्न प्रकार के बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। इस मौके पर बसन्ती कच्छप, हेमवती कुमारी के द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इस मौके पर विभिन्न प्रकार के योग अभ्यास के बारे बताया जा रहा है मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी, रामानंद कुमार, सोनी देवी, वी सिह एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की हुई बैठक

# सभी योजनाओं से लाभुकों को उनके लागत का अधिक से अधिक मुनाफा मिले : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु योजनाओं के पारित करने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 2020- 21 , 2021- 22, एवं 2022 -23 में पीएमएमएसवाई अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन के आधार पर 2023 -24 हेतु योजना तैयार की गई है। जिसमें मुख्य रूप से बायोफ्लॉक पॉन्ड्स, रिसर्कुलर एक्वाकल्चर सिस्टम, केज कल्चर, मिनी फीड मिल्स तथा फिश कियोस्क आदि जैसे प्रस्तावों को समिति के सदस्यों द्वारा रखा गया। जिसपर उपायुक्त ने सभी प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व के वर्षो में लाभुकों को दिए गए योजनाओं के



परिणाम अनुवर्ती करते हुए उसे पुनः एक्टिव करने एवं नए योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए लाभुकों को योजनाओं से बेहतर लाभ मिले इसके लिए हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रस्तावित सभी योजनाओं से लाभुकों को उनके लागत का अधिक से अधिक मुनाफा मिले इसका ध्यान रख कर योजनाओं को लेना है। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में एक एक फिश कियोस्क निर्माण करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया, साथ ही उन्होंने फीड मिल को बढ़ावा देने की भी बात कही। बैठक में मुख्य रूप से जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मृतक परिवार को अविलंब सहायता दे सरकार : समिति

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत के चितरी कोयल नदी में डूबने से भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहु की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया। प्रशासन एवं झारखंड सरकार से अभिलंब पीड़ित परिवार को सहायता देने का आग्रह किया। जिसे आनन फानन में पानी से बाहर निकाला जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर समिति ने दुख व्यक्त किया दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक वा समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, कन्हैया करवा, गुंजन वर्मा, रमेश राय उर्फ गुड्डू, प्रदीप यादव समेत समस्त समिति ने व्यक्त किया।

## पंचायत स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के कोलेबिरा पंचायत के पंचायत सभागार में सोमवार को लीड्स संस्था द्वारा यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लीड्स के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ में परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। डीपीएम नरेंद्र मिश्रा द्वारा स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकारी योजना कुसुम योजना, उज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित चर्चा किया गया। साथ में युवाओं का टेक्निकल प्रशिक्षण, धुंवा रहित चूल्हा निर्माण, बायोगैस प्लांट की स्थापना के बारे में जानकारी दिए।

# अब पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की जरुरत : लक्ष्मीनारायण

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** सोमवार को एड़ादोन बाजार बगीचा में सात पड़हा एड़ादोन का बैठक बेल देवा उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा के बेल-लक्ष्मीनारायण भगत उपस्थित हुए। मौके पर बेल लक्ष्मीनारायण भगत ने कहा कि आज पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमारे बीच राजनीतिकरण हावी होने के कारण पड़हा व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य कर रहा है, आज हमारे बीच में एकता को भड़ने का कार्य करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। बेल देवा



उरांव ने कहा कि हमारे युवाओं-युवती को नशा-पान से दूर रहने और शिक्षा की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हमको अपने रीति-रिवाज, रुढ़िवादी परम्परा को अपनाने की जरूरत है। जिला राजी पड़हा मीडिया प्रभारी बजरंग उरांव ने कहा कि आज हमारे एकता नही होने के कारण बेटी, बहन, जमीन और संवैधानिक अधिकारों पर भी दूसरे लोग अपना अधिकार जमाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें हमको चेतने की आवश्यकता है। सात पड़हा में उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार में कहा कि पुराने समिति के अधिकारी यथावत बने रहेंगे। इस बैठक में-एड़ादोन, सुकुरहुटू, सड़ाबे, बक्सी, बारडीह गांव से पहान, पुजार, महतो, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक जन उपस्थित रहें। बैठक में बसंत भगत, मंगलदेव भगत, चरवा उरांव, सूरज उरांव अनिल भगत,लालदेव उरांव, जीतू उरांव, आनन्द भगत, सरोज उरांव, रामजीत उरांव, अमर उरांव, प्रकाश उरांव बुधराम उरांव इत्यादि व्यक्ति उपस्थित रहें।

## अभय महतो कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बने

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के वार्ड न. 18, जयनाथपुर निवासी समाजसेवी कुशवाहा अभय कुमार महतो पिता कृष्णा कुशवाहा को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो के निर्देशानुसार महासभा के प्रधान महासचिव विनोद कुशवाहा के द्वारा किया गया है। विनोद कुशवाहा ने बताया कि कुशवाहा अभय महतो को प्रदेश अध्यक्ष झारखंड का दायित्व दिया गया है। यह मनोनयन इनके संघर्षशील कडी मेहनत, ईमानदारी, त्याग, सम्पर्क, संगठनात्मक क्षमता समाज के प्रति संवेनशीलता के कारण बनाया गया है।

# तीन दिवसीय हनुमंत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड अंतर्गत छोटकी चापी में तीन दिवसीय हनुमंत मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा की शुभ आरंभ की गई। सैकड़ों महिलाओं ने कमले नदी से जल भरकर कलश यात्रा निकाली। जय श्री राम जय हनुमान के उद्घघोष के साथ पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया। मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा तीन आचार्यों के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। कलश यात्रा कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुडू थाना प्रभारी सनी कुमार अपने दल बल के साथ उपस्थित रहे। कमेटी के सदस्यों ने उन्हें साफा पहनाकर उनका अभिवादन किया। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 16 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगी। 18 जनवरी को रात्रि 8:00 बजे भव्य भक्ति जागरण का आयोजन मंदिर समिति के सदस्यों ने रखा है। इन 3 दिनों में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन के साथ सुंदरकांड का पाठ भी संगीत कलाकारों के द्वारा किया जाएगा।

**जागरूक** नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

# लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सिमडेगा जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के निर्देशानुसार 16 जनवरी को झूलन सिंह चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सीख दी गई। नुक्कड़ नाटक के जरिए उन्हें अच्छे नागरिक के कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

बताते चलें कि सड़कों पर दुर्घटना में जान गवाने वाले लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही। जिसका एक प्रमुख कारण सड़क सुरक्षा कानून के नियमों का उल्लंघन है। नुक्कड़ नाटक कर रहे सदस्यों ने नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को सड़क पर चलने वाली नियमों सहित कई



महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। जिसमें दो पहिया वाहन चालक द्वारा सदैव हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन द्वारा चालक सीट बेल्ट का प्रयोग, जिससे दुर्घटना की आशंका 90% तक कम हो जाती है। ओवर स्पीड चलाने वाले नव युवकों को भी गीत- संगीत के माध्यम से कई प्रेरणादायक बातें बताई गई। जिसका पालन करते हुए अपने अमूल्य जीवन को बचा परिवार और समाज में संदेश देने का कार्य करें। वहीं घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरीटन को इनाम स्वरूप 5000 की राशि दी जाएगी। मौके पर परिवहन विभाग के प्रधान लिपिक रामनिवास मिश्रा, सड़क सुरक्षा के अजित कुमार, नितेश कुमार,चंदन कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## कुरडेग पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**कुरडेग ।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को कुरडेग पुलिस के द्वारा थाना गेट के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक बाइक चालक का चालान काटा गया। कुरडेग थाना के एस आई अजीत प्रकाश ने वाहन जांच अभियान के दौरान लोगों को सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया साथ ही लोगों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, हेलमेट पहनने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने संवन्धित हिदायत दी गई। इस संबन्ध



में थाना प्रभारी श्री मुन्ना रमानी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के तहत यातायात के नियमों का पालन करने के उद्देश्य से क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उन्होने बाइक चालकों से सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर यात्रा करने की बात कही उन्होने कहा कि लोग जागरूक होकर यातायात के नियमों का पालन करें। इस दौरान थाना प्रभारी मुन्ना रमानी, एसआई अजीत प्रकाश, एसआई शंकर सिंह समेत पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# सर्किल इंस्पेक्टर रवि प्रकाश बने सदर थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा सर्किल इंस्पेक्टर रवि प्रकाश राम को सिमडेगा एसपी सौरभ ने सदर थाना प्रभारी बनाया है। इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुए सिमडेगा सर्किल, कुरडेग सर्किल के अलावा सदर थाना प्रभारी के रूप में योगदान देने के निर्देश दिया। इधर सोमवार को आदेश जारी होने के पश्चात तत्कालीन कार्यवाह थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राज कपूर सेठ से चार्ज लेने के बाद उन्होंने '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार पूर्व में इस क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया गया था उसी प्रकार पुणः एक बार आगे भी बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में सिमडेगा पुलिस बेहतर काम कर रही है इसमें और अधिक योगदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनमानस किसी भी परेशानी में कोई भी व्यक्ति 24 घंटा सिमडेगा थाना आकर अपनी परेशानियों को बता सकता है। उन परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा।

**ज्ञान की बात**

**कर्म समाज में होता है, वन में नहीं। सामाजिक कर्म समाज में होता है। तपस्या में एकांत का महत्व है किंतु वह तपस्या का अभ्यास है। वास्तविक तपस्या तो समाज में ही होती है। वन के एकांत में रहकर कोई व्यक्ति सत्य बोलने की तपस्या कैसे कर सकता है? सत्य तो समाज में ही बोला जा सकता है। सेवा तो समाज में ही की जा सकती हैं। त्याग भी तो समाज में ही हो सकता है। इसलिए, समाज में ही रहें। *–ठाकुर जी***



# घोर लापरवाही

***पिछले*** एक-डेढ़ हफ्ते में कई भारतीय उड़ानों में मुसाफिरों के अशिष्ट व्यवहार और विमान संचालक दल की लापरवाही के मामले सामने आये। ताजा घटना पटना की है, जिसमें दो यात्री नशे की हालत में पाये गये। वे नशा करके विमान में चढ़े थे और जब पटना हवाई अड्डे पर उनकी सांस जांची गई तो तथ्य सामने आया कि उन्होंने मदिरापान कर रखा था। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। मगर सवाल है कि जब वे नशा करके या कोई नशीला पदार्थ साथ लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे, तब वहां के कर्मचारी इस तथ्य की जांच करने से कैसे चूक गये। इसके अलावा, पिछले दिनों दो घटनाएं हुईं, जिनमें मुसाफिरों ने ऐसी अशोभन हरकतें कीं, जिन्हें संचालक दल की सावधानी से रोका जा सकता था। न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान में एक यात्री ने एक महिला सहयात्री से नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया। वह हवाई अड्डे से आसानी से निकल भी गया। फिर दिल्ली से गोवा जा रहे गो फर्स्ट के विमान में एक विदेशी सैलानी ने विमान परिचारिका से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। एक विचित्र घटना यह सामने आई कि पिछले दिनों बंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानन कंपनी गो फर्स्ट के एक विमान ने करीब पचास यात्रियों के सवार होने से पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर लिया। इस लापरवाही के लिए अब भले ही कंपनी ने यात्रियों से माफी मांगी है, लेकिन इससे हवाई यात्रा में पसर रही अव्यवस्था का ही पता चलता है। इन घटनाओं के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने नोटिस जारी किया है और सभी विमान सेवाओं को निर्देश जारी किया है कि वे किस तरह मुसाफिरों के साथ पेश आयें, जांच आदि में क्या सावधानियां बरतें। किसी भी विमान में इस तरह की घटना होती है, तो उसे वह पूरी कंपनी बदनाम होती है, इसलिए इन विमान कंपनियों ने निस्संदेह खुद भी कुछ सावधानी बरतने के उपाय किये होंगे। मगर सवाल है कि इस तरह की घटनाओं की नौबत ही क्यों आ रही है। इसकी पहली वजह तो यही है कि प्रतिस्पर्धी कारोबार के चलते तमाम निजी विमानन कंपनियां मुसाफिरों को आकर्षित करने का प्रयास खूब करती हैं और इसमें किराये को लेकर सबसे अधिक बदलाव किए जाते हैं। फिर जिस तरह रेलों और सड़क मार्ग से सफर करने में समय काफी लगता है और उनका किराया भी कम नहीं रह गया है, तब से बहुत सारे लोग हवाई जहाज से चलना सुविधाजनक मानने लगे हैं। निजी विमानन कंपनियों को उड़ान के घंटे और अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाने संबंधी नियमों को भी पहले से काफी लचीला बना दिया गया है, जिसके चलते अब छोटे-छोटे शहरों के लिए भी विमान सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। अब यह तथ्य छिपा नहीं है कि हवाई सेवाओं पर यात्रियों का दबाव तो बढ़ा है, मगर उस अनुपात में विमानन कंपनियों ने अपने संसाधन और सुविधाओं में विस्तार नहीं किया है।

**एक विचित्र घटना यह सामने आई कि पिछले दिनों बंगलुरु हवाई अड्डे पर विमानन कंपनी गो फर्स्ट के एक विमान ने करीब पचास यात्रियों के सवार होने से पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर लिया।**

# विमान हादसों की असली वजह क्या है?

***रविवार*** को हुए विमान हादसे को लेकर सिविल एविएशन ऑथरिटी ऑफ नेपाल ने कहा है कि मैकेनिकल खराबी की वजह से यह दुर्घटना हुई। हालांकि असली वजह ब्लैक बॉक्स के जरिए ही पता चलेगी। ब्लैक बॉक्स मिलने को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में जानते हैं कि ब्लैक बॉक्स क्या होता है और इसके डेटा को एनालाइज करने में कितना वक्त लगता है ...

ब्लैक बॉक्स का रंग काला नहीं, बल्कि ऑरेंज होता है। यह स्टील या टाइटेनियम से बनी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग डिवाइस है, जो विमान के क्रैश होने पर जांचकर्ताओं को उसकी वजह जानने में मदद करती है। ब्लैक बॉक्स को फ्लाइट रिकॉर्डर भी कहते हैं। यह दो तरह के होते हैं। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर (सीवीआर)। दोनों डिवाइस को मिलाकर एक जूते के डिब्बे के आकार की यूनिट होती है। एफडीआर हवा की स्पीड, ऊंचाई, ऊपर जाने की स्पीड और फ्यूल फ्लो जैसी करीब 80 गतिविधियों को प्रति सेकंड रिकॉर्ड करता है। इसमें 25 घंटे का रिकॉर्डिंग स्टोरेज रहता है। सीवीआर कॉकपिट की आवाजें रिकॉर्ड करता है। पायलटों की आपसी बातचीत, उनकी एयर ट्रैफिक कंट्रोल से हुई बातचीत को रिकॉर्ड करता है। साथ ही स्विच और इंजन की आवाज भी इसमें रिकॉर्ड होती है। आमतौर पर ब्लैक बॉक्स से निकलने वाले डेटा को 10-15 दिन में एनालाइज किया जाता है। इस बीच, हादसे से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) से पायलटों की बातचीत को एनालाइज करते हैं। जांच अधिकारियों को यह समझने में मदद करता है कि क्या पायलटों को पता था कि विमान हादसे की ओर बढ़ रहा है। यह भी समझ आ रहा है कि विमान को काबू करने में क्या उन्हें दिक्कत हुई। इसके अलावा जांच अधिकारी एयरपोर्ट पर अलग-अलग डेटा रिकॉर्डर को भी देखते हैं। यह रनवे पर टच डाउन के पॉइंट और इस समय विमान की स्पीड बताते हैं। विमान दुघर्टना का चिंतनीय पहलू मानव ने विज्ञान की सहायता से अपनी सुविधा के लिए बहुत से आविष्कार किये हैं। आवागमन के लिए जल, थल, हवा पर यातायात के नये-नये साधन जुटाये हैं। उनके बल पर हजारों यात्री इधर से उधर पहुँच जाते हैं। दूर-दूर की यात्र कुछ ही समय में तय हो जाती है पर यही साधन कभी-कभी आपदा का कारण बन जाते हैं। यह आपदा न ईश्वर प्रदत्त है, ना ही प्रकृतिप्रदत्त, बल्कि मानव की छोटी-सी भूल का परिणाम होती है। हजारों लोग मृत, घायल व विकलांग होकर रह जाते हैं। जितनी तीव्र गति का वाहन होता है, आपदा का स्वरूप उतना ही ज्यादा घातक होता है। अधिकतर दुर्घटनाओं के पीछे मनुष्य की लापरवाही, वाहन का तकनीकी दोष या चालक की तेज रफ्रतार होती है। 21वीं सदी में हवाई यात्र रेलयात्र की तरह चल रही है। आज के व्यस्त जीवन में लोग समय बचाने के लिए रेल की जगह हवाई जहाज से जाना पसन्द करते हैं। कहा जाता है कि औसतन हवाई जहाज की दुर्घटना रेल से कम होती है, किन्तु यह भी है कि इसमें बचने की संभावना बहुत कम होती है। निश्चित तौर पर हवाई जहाज के आविष्कारक ने मानव सभ्यता को एक नया आयाम प्रदान किया हैं, किंतु हवाई दुर्घटनाओं की शृंखला देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि हवाई यातायात की सुरक्षा पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गये हैं। हाल ही में ऐसी कई विमान दुर्घटनाओं ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं, जिनमें प्रमुख हैं- रूस का सुखोई यात्री विमान तथा बोइंग विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना। भारत के समक्ष चुनौतियां भारत में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रबंधन के बावजूद कभी-कभी हवाई दुर्घटना हो जाती है। हवाई सुरक्षा के मामले में भारतीय रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। कुछ वर्ष पहले अमेरिकी हवाई सुरक्षा एजेंसी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने भारत को श्रेणी-1 से श्रेणी-2 में डाल दिया था। एफएए के मुताबिक, श्रेणी-2 का मतलब है कि देश में हवाई सुरक्षा की निगरानी करने के लिए जरूरी कानून और नियमन नहीं हैं या नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के पास कानून और नियमनों का पालन करवाने के लिए जरूरी तकनीकी विशेषज्ञता या अन्य बुनियादी चीजें नहीं हैं। हवाई सुरक्षा के नजरिये से भारत को 185 देशों में 55वें स्थान पर रखा गया है, जबकि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान 37वें, चीन 28वें और श्रीलंका 24वें स्थान पर है। इसका अर्थ है कि हवाई सुरक्षा के नजरिये से हमें काफी सुधार करने की जरूरत है। भारत में सुधार के रास्ते में कई समस्याएँ हैं। सबसे बड़ी समस्या डीजीसीए ही है, जिसके ढांचे और कामकाज में काफी सुधार की जरूरत है। कुछ साल पहले पायलटों को प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों की निगरानी में धांधली की एक ञ्बर आई थी। इसी तरह, हमारे हवाई अड्डों की सुरक्षा भी काफी संदिग्ध है।

**(लेखक गंगोत्री देवी महाविद्यालय, गोरखपुर के प्रबंधक हैं)**





आशुतोष मिश्रा

**विमान दुघर्टना का चिंतनीय पहलू मानव ने विज्ञान की सहायता से अपनी सुविधा के लिए बहुत से आविष्कार किये हैं। आवागमन के लिए जल, थल, हवा पर यातायात के नये-नये साधन जुटाये हैं। उनके बल पर हजारों यात्री इधर से उधर पहुँच जाते हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनिए पार्वती जी की कथा*

**(गतांक से आगे)**

***पार्वती*** जी ने विनती की कि तुम इसे छोड़ दो। बदले में तुम्हें जो चाहिए वह मुझसे कहो। मगरमच्छ बोला- एक ही शर्त पर मैं इसे छोड़ सकता हूं। आपने तप करके महादेव से जो वरदान लिया, यदि उस तप का फल मुझे दे देंगी तो मैं इसे छोड़ दूंगा। पार्वती जी तैयार हो गईं। उन्होंने कहा- मैं अपने तप का फल तुम्हें देने को तैयार हूं लेकिन तुम इस बालक को छोड़ दो। मेरा निश्चय पक्का है। मैं तुम्हें अपने तप का फल देती हूं। मगरमच्छ ने पार्वती जी से तपदान करने का संकल्प करवाया। तप का दान होते ही मगरमच्छ का देह तेज से चमकने लगा। मगर बोला- हे पार्वती, देखो तप के प्रभाव से मैं तेजस्वी बन गया हूं। मैं तुम्हें भूल सुधारने का एक मौका और दे सकता हूं। पार्वती जी ने कहा- हे ग्राह! तप तो मैं पुनः कर सकती हूं, किंतु यदि तुम इस लड़के को निगल जाते तो क्या इसका जीवन वापस मिल जाता? देखते ही देखते वह लड़का अदृश्य हो गया। मगरमच्छ लुप्त हो गया। पार्वती जी ने विचार किया- अब पुनः तप आरंभ करती हूं। फिर वह तैयारी करने लगीं। तब शंकर भगवान प्रकट हुए। उन्होंने कहाः मगरमच्छ और लड़के दोनों रूपों में मैं ही था। तुम्हारा चित्त प्राणिमात्र में अपने सुख-दुख का अनुभव करता है या नहीं, इसकी परीक्षा लेने को मैंने यह लीला रची। अनेक रूपों में दिखने वाला मैं एक ही एक हूं। मैं अनेक शरीरों में, शरीरों से अलग निर्विकार हूं। तुमने अपना तप मुझे ही दिया है इसलिए अब और तप करने की जरूरत नहीं....।

**(समाप्त)**

# गरीबी के बरक्स बढ़ती बदलाव की राहें

***केंद्र*** सरकार अन्न से अंत्योदय के लिए संकल्पित होकर नित नए कदम उठाकर गरीबों के जीवन में बदलाव की संवाहक बन रही है। दरअसल, इस धारणा के बनने के अपने कारण हैं। कोविड महामारी के दौरान केंद्र सरकार ने जो कदम उठाये, उनकी वैश्विक स्तर पर प्रशंसा की गई। अब केंद्र सरकार ने एक बार फिर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी है। देश में मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए यह एक स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इसके संदर्भ में कई सवाल भी उपज रहे हैं, जिनका हल ढूंढने की दिशा में सरकारी तंत्र को प्रयास करने होंगे। 2023 में देश के नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और बीते एक-दो वर्षों में यह देखने में आया है कि अन्न योजना से लाभ परोक्ष रूप से चुनावों में उठाया गया है। ऐसे में पहला सवाल यही कि क्या चुनाव जीतने का आधार अन्न योजना बन रही है या फिर वास्तविक रूप से अंत्योदय की राह पर हमारा देश बढ़ रहा है? यों जिस देश में इक्यासी करोड़ लोग सरकार की ओर से मुहैया कराये जा रहे अनाज पर जीवन निर्वाह करने को विवश हों, तो सवाल है कि उनकी अन्य मूलभूत आवश्यकताएं कैसे पूरी होती होंगी। केवल अन्न से किसी का जीवन व्यवस्थित नहीं गुजर सकता। यह हम सभी भली-भांति समझते हैं। एक परिवार को पेट भरने के लिए अन्न और सिर ढकने के लिए छत मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों को भी दरकिनार करके नहीं देखा जा सकता है। वर्तमान समय में देश का सरकारी तंत्र आजादी के अमृतकाल में आगे बढ़ रहा है। लेकिन जब देश की आम जनता सरकार की ओर से मिल रहे कुछ अनाज में ही अपना अक्स देखने लगती है, सरकार के लिहाज से उसी अन्न से किसी व्यक्ति का जीवन-मरण और सरकारी कागजों में विकास के सुनहरे क्षण गढ़े जाने लगते हैं, तब ऐसे में दुष्यंत कुमार की एक पंक्ति याद आती है कि 'भूख है तो सब्र कर रोटी नहीं तो क्या हुआ, आजकल दिल्ली में है जेर-ए-बहस ये मुद्दआ।' इन पंक्तियों में गरीबों के जिस दर्द को शब्दों में एक वक्त पिरोया गया था, उस गरीब के दर्द को दूर करने के लिए आजादी के बाद से कई सरकारें सत्ता में आईं और चली गईं, लेकिन दुर्भाग्य से आज भी व्यक्ति केवल सरकार से अनाज की आस लगाकर ही बैठा है। इक्कीसवीं सदी में जब देश अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में बढने की सोच रहा है, मंगल या चांद पर जाने की चर्चा हो रही है, तब देश की सरकार 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निः शुल्क अनाज देकर ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ रही है। यह पक्ष वेदना से भर देने वाला है। फिलहाल हमारा देश कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। कोरोना के कारण बेरोजगार हुए साढ़े बारह करोड़ से ज्यादा लोग दोबारा काम पर नहीं लौटे। बेरोजगारी और महंगाई आए दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में कुछ किलो मुफ्त अनाज के माध्यम से कैसा भविष्य बनेगा! जिस देश की आधी से अधिक या अधिसंख्य आबादी सिर्फ सरकारी अनाज के सहारे जीवन निर्वहन को विवश हो, उसके विश्व गुरु बनने की चाहत एक कल्पना से अधिक मालूम नहीं पड़ती। इसके अलावा रहनुमाई तंत्र की नीति की उपयोगिता आने वाले वक्त में साबित हो पायेगी। इसका कारण यह है कि समर्थन में मत हासिल करना ही लोकतंत्र का असली मकसद नहीं होता। लोकतंत्र में लोक पहले आना चाहिए, लेकिन यहां पैंतीस किलो अनाज देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ ली जा रही है। केंद्र सरकार अपनी पीठ मुफ्त अनाज योजना को अन्न से अंत्योदय बताकर थपथपा सकती है, लेकिन इसका मतलब आमजन को भी समझने की आवश्यकता है। खासतौर पर ऐसे समय में जब दूसरे दलों को नसीहत दी जाती है कि मुफ्त की सियासत को विराम दिया जाय। फिर मुफ्त अनाज को चुनावी वर्ष में बांटने को किस नजरिये से देखा जाना चाहिए? इसके बावजूद यह पहलू अहम है कि संकट के समय में सरकार अपनी ओर से लोगों की हर संभव मदद कर रही है। पिछले दिनों जब विधानसभा के चुनाव हिमाचल और गुजरात जैसे राज्यों में संपन्न हुए, तब यह निष्कर्ष निकलकर सामने आया कि इन राज्यों में आधी से अधिक आबादी मुफ्त अन्न योजना के अंतर्गत आती थी। दरअसल, पार्टियों और नेताओं के बीच छवि गढ़ने की कोशिश हो रही है, जिसमें पीछे रहने को कोई तैयार नहीं। भले गरीबी किसी की मौत की वजह बन जाय। यह लोकतंत्र में कैसे चल सकता है? हाल ही में संपन्न चुनावों की बात करें तो जिस गुजरात माडल का प्रचार वर्षों से चला आ रहा है, वहां की 53.5 फीसद आबादी अन्न योजना के अंतर्गत आती है।



सोनम लववंशी

**केंद्र सरकार अपनी पीठ मुफ्त अनाज योजना को अन्न से अंत्योदय बताकर थपथपा सकती है, खासतौर पर ऐसे समय में जब दूसरे दलों को नसीहत दी जाती है कि मुफ्त की सियासत को विराम दिया जाय।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया

**पहचानें, कौन बजा रहा है शंख...**



## ट्वीट-ट्वीट

Rajat Sharma
@RajatSharmaLive

ऐसे रिश्तों का टूट जाना ही बेहतर होता है, जिनकी वजह से आप टूट जाते हैं.

## फेसबुक वॉल से

**रत्नेश शुक्ल**
1 d


एक उत्सुकता है जानने की, कि गंगा मईया में चलने वाली इस क्रूज में 'विलासिता' करेंगे तो पाप तो नहीं लगेगा न...?

#गंगा_विलास_क्रूज



# काश टिफिन रखती उसकी मां और बस्ता मुस्कुराता!

***सिराज*** फैसल खान का शेर है- किताबों से निकल कर तितलियां गजलें सुनाती हैं टिफिन रखती है मेरी मां तो बस्ता मुस्कुराता है हो सकता है ऐसी ही कोई बात कुछ साल बाद वह नवजात बालक भी सोच सकता, जो दिल्ली की एक बहुमंजिला इमारत के किसी फ्लैट से धम्म से नीचे गिरा और फिर ईश्वर को प्यारा हो गया। इस बच्चे की माँ के खिलाफ अपने ही बच्चे की हत्या का मुकदमा दर्ज है और अभी वह अपनी जचगी से उबरने के लिए अस्पताल में है। दिल्ली महिला आयोग ने बीस साल की इस युवती के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लिखा है। पुलिस फिलहाल उसके ठीक होने का इंतजार कर रही है। खैर नवजात कैसे गिरा, उसे फेंका गया या हाथ से फिसलकर गिरा, माँ ने फेका या घर के किसी दूसरे सदस्य ने ऐसे सारे सवाल अभी जांच के घेरे में हैं। सवाल यह भी है कि युवती जब जॉब के लिए घर से निकली थी तो उसे अभिभावकों ने सही संस्कारों के अलावा सेक्स एजुकेशन के बारे में कुछ बताया था या नहीं। सवाल यह भी है कि क्या एक पढ़ी-लिखी युवती को इतनी समझ नहीं कि अगर वह गर्भवती हो भी गई थी तो उसे गर्भपात और गर्भ को रोकने वाले उपायों की कोई जानकारी नहीं थी? युवतियां अब पितृसत्तात्मक समाज में रूढियों और बंधे-बंधाए दायरों को तोड़कर क्रिकेट, हॉकी, कुश्ती खेल रही हैं। अंतरिक्ष में जा रही हैं। डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस से लेकर होटल की रिसेपशनिस्ट, नर्स, टीचर और तरह-तरह की प्राइवेट नौकरियां कर रही हैं। टैक्सी ड्राइवर हैं और घर-घर खाना पहुंचा रही हैं। कोविड काल के बाद तो उनकी सक्रियता कई कारणों से और भी ज्यादा बढ़ी है। सवाल है कि घर से बाहर और पुराने पारिवारिक संस्कारों से दूर खुलेपन के माहौल में अगर उनसे कोई गलती हो भी जाती है तो समाज उन्हें स्वीकार करने के लिए कितना तैयार है? यह बहुत अहम सवाल है, लेकिन इसपर बात करने से पहले उदयपुर के समाजसेवी देवेन्द्र अग्रवाल के साथ बिताये कुछ अनुभवों को याद करना प्रासंगिक है। 2012 में वह उदयपुर में फेंके गये या उनके आश्रम के पालने में डाले गये नवजातों के लिए मदर मिल्क बैंक खोलना चाह रहे थे। इसके लिए उन्हें मीडिया के जरिये जनमानस तैयार करना था। राजस्थान और मेवाड़ के रूढ़िवादी समाज में नवजात शिशुओं को जन्म देने वाली माँओं से यह उम्मीद लगानी कि वह अनाथ शिशुओं के लिए अपना दूध दान देंगी, थोड़ा मुश्किल काम था। लेकिन पन्ना धाय की भूमि उदयपुर में कुछ सीनियर अधिकारियों की युवा पत्नियों ने दूध दान कर ऐसा माहौल बनाया कि अब राजस्थान में कई मदर मिल्क बैंक हैं। ऐसी न जाने कितनी युवा माताओं के दूध से पली ऐसी ही कुछ बच्चियों की तस्वीरें देवेन्द्रजी ने हाल ही में भेजीं। जिन बच्चियों को कोई कूड़े के ढेर, नदी के किनारे या उनके पालने में डाल गया था, आज वह दिल्ली, मुंबई व कई दूसरे शहरों के अच्छे स्कूल कॉलेजों में पढ़ रही हैं। उन्हें पता है कि उनके अभिभावकों ने उन्हें गोद लिया है और वह शुक्रगुजार हैं कि समाजसेवियों की मदद से वह आज अच्छी जिंदगी जी रही हैं। अब आते हैं समाज और लड़कियों की व्यवहारिक स्थिति पर। सच यह है कि जैसी गलती हत्या का मुकदमा झेल रही युवती ने की, वैसी स्थिति में बहुत-सी लड़कियां फंस जाती हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञों व प्राइवेट सरकारी अस्पतालों के लोगों से पूछिये तो वह बतायेंगे कि उनके पास कितने ज्यादा ऐसे मामले आते हैं। सच यह भी है कि अभिनेत्री नीना गुप्ता जैसा साहस भी विरले ही युवतियां कर पाती हैं कि वह बिना विवाह अपने बच्चे को बड़ा करें। इसकी वजह वह समाज है, जहां गैर जाति में शादी करने वाली बेटी को एक पिता माँ के सामने काटकर सूटकेस में भर देता है। लड़कियों को पहले के मुकाबले आजादी मिली है, लेकिन पितृसत्ता अभी भी पूरी मजबूती से समाज में है। समाज की सोच बदलते-बदलते भी वक्त लगेगा, लेकिन तब तक क्या हो? केंद्र व राज्य सरकारों ने पालनाघरों की व्यवस्था की है। अनचाहे नवजातों को वहां छोड़ा जा सकता है और छोड़ने वाले से कोई पूछताछ नहीं होती। ऐसे पालनाघर और खोलने होंगे। इसलिए भी कि गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों की संख्या भी खूब बढ़ रही है। इसलिए पालनागृहों का खूब प्रचार हो और नये भी खोले जाएं। साथ ही, अपनी बेटियों और बेटों को घर से बाहर पढ़ाई या नौकरी के लिए भेजते वक्त सेक्स से जुड़े विषयों पर खुली बातचीत करनी चाहिए। अभी परिवारों और समाज के नियमों में बहुत से बंधन टूटे हैं, बदलाव आय हैं।


सुधीर मिश्र

**डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस से लेकर होटल की रिसेपशनिस्ट, नर्स, टीचर और तरह-तरह की प्राइवेट नौकरियां कर रही हैं। कोविड काल के बाद तो उनकी सक्रियता कई कारणों से और भी ज्यादा बढ़ी है।**

**दुनियादारी**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# महिलाओं की ड्राइविंग पर शक करने वालों को सीमा ठाकुर ने दिया मुंहतोड़ जवाब !

आज हमारे देश की महिलाएं क्या नहीं कर रही हैं? हर क्षेत्र में महिलाओं का दबदबा कायम है। ऐसे में एक महिला सीमा ठाकुर भी है जो अपनी एक ऐसे क्षेत्र में अपना नाम बना चुकी है, जहां सिर्फ पहले पुरुषों का दबदबा था। सीमा हिमाचल राज्य परिवहन निगम की पहली महिला बस ड्राइवर है। वह इंटर-स्टेट रुट पर बस चलाती हैं। वो इस अंतरराज्यीय मार्ग पर बस चलाने वाली पहली HRTC महिला ड्राइवर बन गई हैं। सोलन के अर्की की सीमा ने अपने शौक को जुनून में बदल दिया और आज इसी कारण उन्हें लोग जानते हैं। इससे पहले तक सीमा ठाकुर शिमला सोलन के बीच चलने वाली इलेक्ट्रिकल बस चलाती रही हैं। उनका सफर उन्हीं की तरह शानदार है।



## पिता को देख हुआ बस चलाने का शौक

सीमा के पिता बलिराम ठाकुर भी एचआरटीसी में बस ड्राइवर थे। वह अक्सर लंबे रुट पर जाया करते थे और कई बार सीमा को साथ ले जाते थे। उन्होंने इसी इंटरव्यू में बताया करते थे और कई बार सीमा को साथ ले जाते थे। उन्होंने ये भी कहा कि लाडली होने के नाते वो पूरी टाइम मुझे अपने साथ बिठाए रखते थे और कभी-कभार मैं भी उनके गोद में बैठकर स्टेयरिंग थाम लिया करती थी। उन्होंने आगे बताया पहाड़ की उन घुमावदार सड़कों पर बस चलाते वक्त वो अक्सर गुनगुनाते थे। मैं भी सोचती थी कि उनकी तरह बस ड्राइवर की सीट पर बैठकर इन सड़कों पर रफ्तार भरुं। मेरे पिता का यही लक्ष्य रहता था कि उनकी सवारियां सुरक्षित उनकी मंजिल तक पहुंचे। इस बात ने मुझे भी प्रभावित किया और मैंने उनके लक्ष्य को अपना इरादा बना लिया। मैं खुशनसीब हूं कि मैं अपना ये सपना पूरा कर पाई।

## चालकों के लिए आवेदन करने वाली एकमात्र महिला बनीं

सीमा ने बस ड्राइवर बनने का अपना सपना पूरा करने के लिए सबसे पहले हैवी व्हीकल लाइसेंस बनवाया। इसके बाद एचआरटीसी में चालकों की भर्ती निकली तो उन्होंने आवेदन करने वाली वो अकेली महिला थीं। ड्राइविंग टेस्ट पास करने के बाद साल 2016 में उन्हें एचआरटीसी में नियुक्ति मिली गई। पहले शिमला में उन्हें निगम के टैक्सी चलाने की जिम्मेदारी दी गई थी। बाद में उन्होंने शिमला-सोलन के बीच चलने वाली 42 सीटर इलेक्ट्रिक बस भी चलाई।

## अंग्रेजी में किया है एमए



सीमा ठाकुर ने शिमला को कोटशेरा कॉलिज से ग्रेजुएशन करने के बाद प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से अंग्रेजी में मास्टर किया है। पिता के बाद सीमा ने पेशे के रुप में ड्राइविंग करना शुरू किया। पिता के साथ बस में सफर के दौरान ही सीमा को बस चलाने का शौका पैदा हुआ था। पिता से ही उन्होंने तालीम ली और वह शिमला में मैक्सी कैब और छोटी बस चला चुकी हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि, लोगों को लगता है कि मैं अंग्रेजी में एमए होने की वजह से कोई दूसरा करियर भी चुन सकती थी। आगे टीचर बन सकती थी या किसी प्रशासनिक सेवा की परीक्षा देकर अधिकारी बन सकती थी या किसी प्रशासनिक सेवा की परीक्षा देकर अधिकारी बन सकती थी या फिर कुछ और भी कर सकती थी। मेरे आगे भविष्य की कई राहें खुली थीं, लेकिन मैंने इनमें से किसी को भी चुनने की जगह अपने मन की सुनी। मेरा मन बस ड्राइवरी में ही रमता था और मैंने वही किया।

## हो चुकी हैं सम्मानित

आपको बता दें कि अपनी उपलब्धियों के लिए सीमा को कई सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उन्हें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी सम्मानित किया था और पूर्व राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय भी उन्हें प्रशंसा पत्र भेजकर सराहना कर चुके हैं।

# कॉफी की मदद से घर पर ही बनाएं आई क्रीम

यूं तो मार्केट में कई तरह की आई क्रीम मिलती हैं, लेकिन अगर आप अपनी अंडर आइज को फिर से ब्यूटीफुल बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप कॉफी का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप एक नरिशिंग आई क्रीम बनाना चाहती हैं तो ऐसे में कॉफी व कुछ ऑयल्स की मदद से इसे तैयार कर सकती हैं। लेट नाइट तक काम करना, अत्यधिक तनाव लेना और अपने खान-पान पर ध्यान ना देना ऐसे कई कारण होते हैं, जो आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स, पफीनेस व अन्य कई आई प्रॉब्लम्स होती हैं। ऐसे में घर पर ही अंडर आई क्रीम तैयार करके आंखों की खूबसूरती को बहाल किया जा सकता है। यूं तो मार्केट में कई तरह की आई क्रीम मिलती हैं, लेकिन अगर आप अपनी अंडर आइज को फिर से ब्यूटीफुल बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप कॉफी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## कॉफी और जोजोबा ऑयल से बनाएं आई क्रीम

अगर आप एक नरिशिंग आई क्रीम बनाना चाहती हैं तो ऐसे में कॉफी व कुछ ऑयल्स की मदद से इसे तैयार कर सकती हैं।

### आवश्यक सामग्री-

- बारीक पिसी हुई कॉफी - 1 बड़ा चम्मच
- जोजोबा ऑयल - आधा चम्मच
- रोजहिप सीड ऑयल- आधा चम्मच
- शिया बटर - 1 बड़ा चम्मच
- कोकोआ बटर - 1 बड़ा चम्मच
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल - 10 बूंद
- कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल - 3-4 बूंदे
- विटामिन ई तेल - एक कैप्सूल

### कॉफी आई क्रीम बनाने का तरीका-

- सबसे पहले शिया बटर व कोकोआ बटर को डबल बॉयलर में रखकर पिघलने दें।
- अब आप इसमें जोजोबा ऑयल, रोजहिप सीड ऑयल और कॉफी को मिश्रण में डालकर अच्छी तरह मिक्स करें।
- अब आप इसमें एसेंशियल ऑयल व अन्य बची हुई सामग्री को डाकलर सब कुछ मिला लें।
- आप मिश्रण को एक छोटे कंटेनर में डालें और हर रात सोने से पहले इसे अंडर आई एरिया पर अप्लाई करें।

## कॉफी व बादाम के तेल से बनाएं क्रीम

ग्राउंड कॉफी को बादाम के तेल के साथ मिक्स करके भी अप्लाई किया जा सकता है।

### आवश्यक सामग्री-

- ग्राउंड कॉफी- आधा छोटा चम्मच
- मीठे बादाम का तेल- दो बड़ा चम्मच
- विटामिन ई ऑयल (वैकल्पिक)

### इस्तेमाल करने का तरीका-

- एक छोटे जार में, 4 भाग ऑयल और 1 भाग ताजी पिसी हुई कॉफी डालें।
- इसे ढककर रात भर ऐसे ही छोड़ दें।
- अब इसे नट मिल्क बैग या मेटल स्ट्रेनर से छान लें।
- अब आप इसमें विटामिन ई ऑयल डालें।
- आप इसे एक छोटी ड्रॉपर बोतल में डालें।
- अब आप इसे अंडर आई पर लगाएं और अपनी उंगलियों से मसाज करें।

❖ मिताली जैन

# टोमैटो सीड ऑयल से स्किन को मिल सकते हैं ये फायदे



टमाटर के बीज का तेल स्किन को फ्रेश व ब्राइटर बनाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह कैरोटीनॉयड, फाइटोस्टेरॉल और एंटीऑक्सिडेंट से समृद्ध है। साथ ही, इससे लिनोलिक एसिड की अच्छाई भी स्किन को मिलती है। यह बेहद लाइट है और स्किन को नॉन-ग्रीसी बनाता है। टमाटर एक ऐसी सब्जी है, जिसका इस्तेमाल लगभग हर घर में किया जाता है। कभी सलाद तो कभी सॉस, सूप और सब्जी में इसकी मदद से स्वाद को बढ़ाया जाता है। यह न केवल स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है बल्कि कई प्रकार के सौंदर्य लाभ भी प्रदान करता है। लेकिन सिर्फ टमाटर ही नहीं, उसके बीज में भी सेहत के लिए उतने ही गुणकारी होते हैं। टमाटर के बीज के तेल को स्किन और बालों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। इन बीजों के तेल में खनिजों और फैटी एसिड पाए जाते हैं, जो आपकी स्किन को ब्यूटीफुल बनाए रखने में मदद करते हैं।

## स्किन को मिलती है फ्रेशनेस

टमाटर के बीज का तेल स्किन को फ्रेश व ब्राइटर बनाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह कैरोटीनॉयड, फाइटोस्टेरॉल और एंटीऑक्सिडेंट से समृद्ध है। साथ ही, इससे लिनोलिक एसिड की अच्छाई भी स्किन को मिलती है। यह बेहद लाइट है और स्किन को नॉन-ग्रीसी बनाता है। साथ ही, यह स्किन के पोर्स को बंद नहीं करता है।

## मैच्योर स्किन के लिए लाभदायक

टमाटर के बीज का तेल मैच्योर स्किन के लिए भी अच्छा माना जाता है क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन ई और कैरोटीनॉयड भी होते हैं जो फ्री रेडिकल्स डैमेज को रिवर्स करने में मददगार है। साथ ही, यह आपकी त्वचा को युवा, चमकदार दिखने में मदद करता है और समय से पहले बूढ़ा होने से बचाता है। आपके चेहरे पर तेल लगाने से झुर्रीदार स्किन भी स्मूद हो जाती है और महीन रेखाएं और एज स्पॉट्स भी गायब हो जाते हैं।

## सन डैमेज स्किन को करे रिपेयर

टमाटर आपके सनटैन को कम करने और त्वचा को चमकदार बनाने में मददगार है। सूरज से डैमेज्ड स्किन या स्किन को ठीक करने के लिए सुस्त दिखने वाली त्वचा पर टमाटर के बीज का तेल लगाने से स्किन को लाभ मिलता है। आप इसे अपने मेकअप से पहले या रात को सोने से पहले लगा सकती हैं।

## स्ट्रेच मॉर्क्स को करे कम

टमाटर के बीज के तेल को स्किन पर अप्लाई करने का एक लाभ यह भी है कि यह स्ट्रेच मॉर्क्स के निशान को कम करता है। हालांकि, निशान को कम करने के लिए से नियमित रूप से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। अगर आप दिन में दो बार इस तेल को स्किन पर अप्लाई करते हैं तो इससे निशान धीरे-धीरे फेड होने लगते हैं।

# लिपस्टिक की मदद से यूं दें होंठों को शेप

अगर आपके पास लिप लाइनर नहीं है तो आप लिप ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपकी ब्रश किट में लिप ब्रश अवश्य होगा। आप उस ब्रश पर थोड़ी सी लिपस्टिक लें और फिर उसकी मदद से लिप्स की आउटलाइन बनाएं। जब बात मेकअप करने की होती है, तो महिलाएं अपनी आंखों के साथ-साथ लिप्स पर भी उतना ही फोकस करती हैं। आमतौर पर, मेकअप करते समय सिर्फ लिपस्टिक के शेड पर ही ध्यान देना काफी नहीं होता। बल्कि लिप्स को भी सही शेप देना आवश्यक है। अमूमन इसके लिए महिलाएं लिप लाइनर का इस्तेमाल करती हैं। जब लिप लाइनर को लिपस्टिक पर अप्लाई किया जाता है तो इससे लिप्स अधिक फुलर व ब्यूटीफुल नजर आते हैं। हालांकि, अगर आपके पास लिप लाइनर नहीं है तो भी आप कुछ अन्य तरीकों की मदद से लिपस्टिक को परफेक्ट तरीके से लगा सकती हैं।

**लिपस्टिक को ब्रश की मदद से करें अप्लाई :** अगर आपके पास लिप लाइनर नहीं है तो आप लिप ब्रश का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपकी ब्रश किट में लिप ब्रश अवश्य होगा। आप उस ब्रश पर थोड़ी सी लिपस्टिक लें और फिर उसकी मदद से लिप्स की आउटलाइन बनाएं। सबसे पहले अपर लिप पर क्यूपिड बो पर वी बनाएं। इसके बाद पूरे लिप्स को शेप दें। आप चाहें तो लिप ब्रश से आउटलाइन बनाने के साथ-साथ उससे अपने लिप्स को फिल भी कर सकती हैं।



**सही तरह से लिपस्टिक को करें अप्लाई :** अगर आपके पास लिप लाइनर के साथ-साथ लिप ब्रश भी नहीं है, तो ऐसे में आप लिपस्टिक को भी सही तरह से अप्लाई करके उससे भी आउटलाइन बना सकती हैं। इसके लिए, आप लिपस्टिक के प्वाइंटेड एरिया को लें और उससे लिप्स पर आउटलाइन बनाएं।

**इयर बड का करें इस्तेमाल :** यह भी एक आसान तरीका है, जिसकी मदद से लिप्स की आउटलाइन बनाई जा सकती है। इसके लिए आप इयर बड के कॉटन एरिया पर लिक्विड लिपस्टिक लें। अब इससे अपने लिप्स की आउटलाइन बनाएं। सबसे पहले आप इसे क्यूपिड बो पर लगाएं और फिर अपने नीचे के लिप्स पर अप्लाई करें। इसके बाद आप क्रीम लिपस्टिक को लगाएं। अंत में, टिश्यू पेपर को लिप्स पर हल्का सा डैब करें ताकि अतिरिक्त लिपस्टिक को आसानी से हटाया जा सके।

# घर पर कोफ्ते बनाते समय इन टिप्स को करें फॉलो

घर पर कोफ्ते बनाते समय अक्सर हम मिश्रण की थिकनेस को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि यह बेहद ही महत्वपूर्ण पहलू है। आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि आप आपका मिश्रण थिक हो। जब मिश्रण की कंसिस्टेंसी सही होती है तो इससे आपके कोफ्ते भी नरम व अच्छे बनते हैं। घर पर कोफ्ते बनाते समय अक्सर हम मिश्रण की थिकनेस को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि यह बेहद ही महत्वपूर्ण पहलू है। आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि आप आपका मिश्रण थिक हो। जब मिश्रण की कंसिस्टेंसी सही होती है तो इससे आपके कोफ्ते भी नरम व अच्छे बनते हैं। कोफ्ते बनाना और खाना अधिकतर लोगों को बेहद पसंद होता है। कई बार जब हम अपनी डे टू डे सब्जी से बोर हो जाते हैं तो ऐसे में अक्सर कोफ्ते बनाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि हम कोफ्ते तो बनाते हैं, लेकिन वह उतने टेस्टी व मुलायम नहीं बनते हैं, जितने कि वास्तव में बनने चाहिए। ऐसे में जरूरी होता है कि आप कुछ बेहतरीन कुकिंग टिप्स को अपनाएं।



## ब्रेडक्रंब का करें इस्तेमाल

जब आप घर पर कोफ्ते बना रहे हैं तो ऐसे में ब्रेडक्रंब का इस्तेमाल करना यकीनन एक अच्छा विचार है। ब्रेडक्रंब ना केवल आपके सभी सामग्रियों को एक साथ बांधने में मदद करते हैं, बल्कि इससे तलते समय तेल में उनके टूटने की संभावना भी काफी कम हो जाती है। साथ ही ब्रेडक्रंब के इस्तेमाल के कारण उनमें सॉफ्टनेस के साथ-साथ एक क्रिस्पीनेस भी एड होती है।

## मिश्रण की थिकनेस पर रखें नजर

घर पर कोफ्ते बनाते समय अक्सर हम मिश्रण की थिकनेस को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि यह बेहद ही महत्वपूर्ण पहलू है। आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि आप आपका मिश्रण थिक हो। जब मिश्रण की कंसिस्टेंसी सही होती है तो इससे आपके कोफ्ते भी नरम व अच्छे बनते हैं। इसलिए, हमेशा आपका मिश्रण थिक होना चाहिए।

## करें पनीर की स्टफिंग

अगर आप अपने कोफ्तों के टेस्ट को नेक्स्ट लेवल पर ले जाना चाहती हैं तो ऐसे में आप उनमें पनीर की स्टफिंग करें। इससे आपके कोफ्ते और भी अधिक टेस्टी व नरम बनते हैं। पनीर न केवल कोफ्तों को नरम बनाता है बल्कि उन्हें अधिक क्रीमी टेस्ट भी देता है। इसलिए, आप अपने कोफ्तों में पनीर की स्टफिंग अवश्य करें।

## ओवरकुक करने से बचें

एक बार कोफ्ते की तैयारी करने के बाद बारी आती है उन्हें फ्राई करने की। हालांकि, यह देखने में आता है कि अधिकतर लोग इस स्टेप में गलती की बैठते हैं। वे या तो ठंडे तेल में या फिर बहुत अधिक आंच में कोफ्ते बनाते हैं। जिससे वे जल जाते हैं। कई बार वे ऊपर से पक जाते हैं और अंदर से कच्चे रह जाते हैं। इतना ही नहीं, अगर आप बहुत देर तक कोफ्तों को कड़ाही में पकाते हैं तो इससे वे सूख सकते हैं। जिससे आपके कोफ्ते नरम नहीं बनते हैं।

# पैरों में बिछिया क्यों पहनती हैं सुहागन औरतें?

## बिछिया पहनने के फायदे

भारत को अनेकता में एकता का देश कहा जाता है। यहां कई तरह की बोलियां हैं, कई तरह की संस्कृति है और कई तरह के पहनावे देखने को भी मिलते हैं लेकिन हर समाज में आभूषणों को बहुत महत्व दिया गया है। भारत में ज्वेलरी को लेकर लोगों में एक अलग तरह का शौक देखा जाता है। महिलाओं में इसका और ज्यादा क्रेज देखने को मिलता है। कई जगहों पर सुहागन महिलाओं के लिए सोलह श्रृंगार का जिक्र किया गया है। इन्हीं श्रृंगारों में से एक है पैरों में पहने जाने वाली बिछिया। इसे ज्यादातर सुहागन महिलाएं पहनती हैं। यहां हम जानेंगे कि आखिर शादीशुदा औरतें पैरों में बिछिया क्यों पहनती हैं?



## बिछिया का होता है खास महत्व

महिलाओं द्वारा बिछिया पहनने को लेकर अलग-अलग तर्क दिए जाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि पैर की दूसरी उंगली दिल और महिलाओं के गर्भाशय तक जाती है। बिछिया पहनने के बाद इस पर दबाव पड़ता है और रक्त का संचार ठीक हो जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि पैर में बिछिया पहनने से महिलाओं का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा अनियमित महावारी की शिकायत भी दूर हो जाती है। ऐसा कहा जाता है कि बिछिया एक्यूप्रेशर की तरह काम करती है।

## इसलिए पहनते हैं चांदी की बिछिया

अब सवाल यह है कि आखिर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया चांदी की ही क्यों होती है? आपको बता दें कि हिंदू धर्म में सोने को माता लक्ष्मी से जोड़कर देखा जाता है। सोने की पूजा की जाती है। इसलिए भी तो औरतों को कमर के नीचे सोने के आभूषण पहनने की मनाही होती है। धर्म के जानकार बताते हैं कि कमर के नीचे सोने के आभूषण पहनने से माता नाराज हो जाती हैं। वहीं चांदी अच्छा सुचालक होता है जो शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

❖ गोविंदा प्रजापति

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत भी रहें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है।

**वृष राशि :** संचित धन में कमी रहेगी। माता का साथ मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में सफल रहेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन राशि :** स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। आत्मविश्वास बहुत रहेगा, लेकिन मन परेशान भी हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कर्क राशि :** वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। किसी पैतृक कारोबार से धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**सिंह राशि :** माता से वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कारोबार के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में व्यवधान आ सकते हैं। मनोवांछित परिणाम संदिग्ध हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**तुला राशि :** कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थितियां हो सकती हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु राशि :** मानसिक कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर राशि :** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकता है। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। सम्पत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कुंभ राशि :** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। भवन सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मीन राशि :** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने 13ए लागू करने का दिया भरोसा

**कोलंबो।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इस हफ्ते श्रीलंका दौरे से पहले, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भारत की मध्यस्थता वाले संविधान में 13वें संशोधन को पूरी तरह से लागू करने का आश्वासन दिया है। विक्रमसिंघे ने कहा कि 13वां संशोधन, जो बहुसंख्यक सिंहली और अल्पसंख्यक तमिलों के बीच की जातीय समस्या को हल करने के लिए प्रस्तावित किया गया था, न केवल युद्ध-ग्रस्त उत्तर में बल्कि सिंहल बहुसंख्यक दक्षिण में भी लागू किया जाएगा।

### नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स मिला

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हुए यति एयरलाइंस के विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, काठमांडू के प्रवक्ता प्रेमनाथ ठाकुर ने कहा कि ब्लैक बॉक्स सोमवार सुबह दुर्घटनास्थल पर पाया गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने में ब्लैक बॉक्स को महत्वपूर्ण माना जाता है। इसमें 'फ्लाइट रडार रिकॉर्ड' और 'कॉकपिट व्यू रिकॉर्ड' शामिल हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और विकास महाजन की दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की नियुक्ति को चुनौती देनेवाली एक पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया। संजीव कुमार तिवारी की याचिका को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि वर्तमान समीक्षा याचिका पर पुनर्विचार करने का कोई कारण नहीं है और याचिकाकर्ता (तिवारी) कोई खामियां नहीं बता पाए हैं।

### केंद्रीय मंत्री का गाली देने वाला वीडियो आया सामने

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मंडला से सांसद और मोदी सरकार के मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह खुलेआम पर गाली दे रहे हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते पिछले दिनों मंडला जिले में थे और इस दौरान उनकी बातचीत का एक वीडियो वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार का जिक्र करते हुए अपशब्द बोल रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हालांकि, इस वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय नवीन मेल नहीं करता है।

## वैवाहिक बलात्कार मामले का अपराधीकरण

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 15 फरवरी तक मांगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग वाली कई याचिकाओं पर सोमवार को केंद्र सरकार से 15 फरवरी तक जवाब मांगा। शीर्ष अदालत मार्च में इस मामले की सुनवाई करने पर सहमत हुई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से 15 फरवरी, 2023 को या उससे पहले मामले में जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा।

मेहता ने कहा कि इस मामले में कानूनी निहितार्थों के अलावा सामाजिक निहितार्थ भी होंगे। शीर्ष अदालत ने अलग-अलग उच्च न्यायालयों को फैसला लेने देने के बजाय मामले को खुद अपने हाथ में लेने का फैसला किया। मामले को मार्च में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने सभी पक्षों को 3 मार्च तक अपनी दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया। मेहता ने पीठ को सूचित किया कि सरकार ने इस मामले पर राज्य सरकारों के विचार आमंत्रित किए हैं। पिछले साल मई में वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण पर विभाजित विचार व्यक्त करनेवाले दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी। साथ ही पिछले साल जुलाई में शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी थी। मई में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ पति की याचिका पर नोटिस जारी किया था। हालांकि, उसने तब उच्च न्यायालय के फैसले और मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में याचिकाएं भी दायर की गई हैं। मामले में पिछले साल 11 मई को न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर की उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने अलग-अलग राय व्यक्त की। न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने यह कहते हुए विवादास्पद कानून को रद्द करने का समर्थन किया कि पति को वैवाहिक बलात्कार के अपराध से छूट देना असंवैधानिक है, जिससे न्यायमूर्ति हरि शंकर सहमत नहीं थे। न्यायमूर्ति शकधर ने कहा, सहमति के बिना पत्नी के साथ संभोग करना अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, इसलिए इसे रद्द कर दिया गया है।

### चार्जशीट के बाद डिफॉल्ट जमानत की जा सकती है रद्द : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चार्जशीट दाखिल करने पर आरोपी को दी गई डिफॉल्ट जमानत गुण-दोष के आधार पर रद्द की जा सकती है। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के चाचा पूर्व मंत्री वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी की 15 मार्च, 2019 को हुई हत्या के मामले में इरा गांगी रेड्डी के जमानत को निरस्त करने की सीबीआई की याचिका पर गुण दोष के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार ने कहा कि जब आरोपी के खिलाफ एक मजबूत मामला बनाया जाता है, तो केवल चार्जशीट दाखिल नहीं करना पर्याप्त नहीं होगा।

## इंस्टाग्राम लोगों को उदास करता है, ट्विटर गुस्सा दिलाता है : मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एलन मस्क ने सोमवार को ट्विटर पर यह कहते हुए हंगामा मचा दिया कि मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम अपने उपयोगकर्ताओं को उदास करता है जबकि उनका माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म लोगों को गुस्सा दिलाता है। उन्होंने पूछा, ₹इंस्टाग्राम लोगों को उदास बनाता है और ट्विटर लोगों को गुस्सा दिलाता है। कौन सा बेहतर है? मस्क की टिप्पणी ने लोगों को सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रियाओं की झड़ी लगा दी। एक फॉलोअर ने पोस्ट किया कि यह माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाला लिंक्डइन है जो वास्तव में लोगों को निराश करता है, इंस्टाग्राम नहीं। मस्क ने फायर साइन के साथ इस कमेंट का जवाब दिया।

# पीएम ने अग्निवीरों को योजना का अग्रदूत बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तीनों सेवाओं के अग्निवीरों के पहले बैच को संबोधित किया, जिन्होंने अपना बुनियादी प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्हें योजना का अग्रदूत बताया। उन्होंने अग्निवीरों को बधाई दी और कहा कि यह परिवर्तनकारी नीति हमारे सशस्त्र बलों को मजबूत करने और उन्हें भविष्य में आनेवाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक गेम चेंजर होगी। प्रधानमंत्री ने पुष्टि की है कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को और अधिक युवा और तकनीक की समझ रखने वाले बनाएंगे। मोदी ने अग्निवीरों से अपनी पसंद के क्षेत्रों में अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने के साथ-साथ नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक बने रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में युद्ध लड़ने का तरीका बदल रहा है। संपर्क रहित युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से उन्नत सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि कैसे यह योजना महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कैसे महिला अग्निवीर नौसेना बलों में गौरव बढ़ा रही हैं।

## बसपा का गठबंधन नहीं करने से भाजपा को होगा लाभ

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

क्या मुख्यमंत्री रहने के दौरान यमुना एक्सप्रेस वे सहित कई मामलों में ईडी, आयकर, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों से घिरीं बहुजन समाजपार्टी सुप्रीमो मायावती ने डर कर कहा है कि आनेवाले राज्यों के विधानसभा व अगले वर्ष देश में होनेवाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी (बसपा) किसी भी अन्य पार्टी के साथ कोई भी गठबंधन करके नहीं लड़ेगी? राजनीतिक गलियारों में चर्चा तो यही है। ज्यादातर का कहना है कि माया जेल जाने से बचने व अपने भाई को बचाने के लिए वह सब करेंगी जो सर्वोच्च शक्ति कहेगी। मालूम हो कि मायावती ने यदि आगामी लोकसभा चुनाव में उप्र में सपा व कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ीं, यदि राज्य में सपा, कांग्रेस, बसपा मिलकर चुनाव लड़े तो भाजपा को मात्र इसी राज्य में ही 30 से 35 लोकसभा सीटों का नुकसान हो सकता है। यदि इस वर्ष होने वाले राजस्थान व मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के साथ मिलकर बसपा लड़े तो भाजपा को दोनों राज्यों में मिलाकर लगभग 7 से 10 विधान सभा सीटों का नुकसान हो सकता है।

# सरकार ने कोविड-19 टीके के कई दुष्प्रभावों को किया स्वीकार

**एजेंसी। मुंबई**

सरकार की दो संस्थाओं ने स्वीकार किया है कि दो वर्षों में एक अरब से अधिक भारतीयों पर लगाए गए कोविड-19 टीकों के एकाधिक दुष्प्रभाव हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने पुणे के व्यवसायी प्रफुल्ल शारदा की ओर से मांगी गई आरटीआई की जानकारी में चौंकाने वाला खुलासा किया है। भारत ने एस्ट्राजेनाका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे के 'कोविशील्ड' और एसआईआई के अपने 'कोवोवैक्स' टीके को अनुमति दी है। हैदराबाद स्थित तीन कंपनियों के टीके - सरकार द्वारा संचालित भारत बायोटेक लिमिटेड की 'कोवैक्सिन', डॉ. रेड्डीज लैब ने 'स्पुतनिक वी', बायोलॉजिकल ई. लिमिटेड की 'कॉर्बवैक्स' और बाद में कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड अहमदाबाद ने टीनएजर्स (12-17 उम्र) के लिए जेडसीओवाई-डी टीके का आयात किया। इन सभी टीके के दुष्प्रभावों पर शारदा के पूछे गए सवाल पर आईसीएमआर डॉ. लियाना सुसान जॉर्ज और सीडीएससीओएस के सुशांत सरकार ने इन सभी टीकों से उत्पन्न होने वाले प्रभावों का हवाला दिया है, जिसमें उनके अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न शामिल हैं। कोविशिल्ड से लाल धब्बे या खरोंच, बिना किसी कारण के लगातार उल्टी, गंभीर या लगातार पेट दर्द या उल्टी के साथ या बिना सिरदर्द, सांस फूलना, सीने में दर्द, अंगों में दर्द या बाहों को दबाने पर सूजन, किसी विशेष पक्ष या शरीर के अंगों की कमजोरी/पक्षाघात, दौरे, आंखों में दर्द, धुंधली दृष्टि या डिप्लोपिया आदि समस्याएं सामने आईं।

## इक-दूजे के हुए टॉमी और जॉली

**एजेंसी। अलीगढ़**



अलीगढ़ में एक अनोखी शादी काफी चर्चाओं में है। इस शादी में दूल्हा था कुत्ता टॉमी और दुल्हन थी कुतिया जॉली। लोगों ने रविवार को ढोल-नगाड़ों और नाच-गाने के बीच दो कुत्तों की 'शादी' करवाई। दूल्हा और दुल्हन को माला पहनाई गई और फिर पूरे रीति-रिवाज के साथ 'सात फेरे' लिए गए। सुखरावली के पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश चौधरी टॉमी के मालिक हैं, जबकि जॉली अतरौली के टिकरी रायपुर निवासी डॉ. राम प्रकाश सिंह की है। शादी के दिन वधू पक्ष सुखरावली गांव पहुंचा। जॉली के परिवार से आए लोगों ने टॉमी को 'तिलक' लगाया। ढोल की थाप पर 'बारातियों' ने जमकर डांस किया। शादी में देसी घी से तैयार खाना परोसा गया। टॉमी के मालिक दिनेश ने कहा, चूंकि यह मकर संक्रांति का अवसर भी था, इसलिए हमने शादी का आयोजन किया। देसी घी का खाना बांटा गया। हमने इसके लिए लगभग 40,000-45,000 रुपये खर्च किए। बाद में 'विदाई' रस्म निभाई गई।






## 'आरआरआर' ने सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म का पुरस्कार जीता



**एजेंसी। लॉस एंजिलिस**

गाने के लिए गोल्डन ग्लोब लाने के बाद, फिल्म निर्माता राजामौली की मैग्नम ओपस फिल्म 'आरआरआर' ने सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म के लिए क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड जीत लिया है। 28वें क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड्स के हैंडल से एक ट्वीट किया : आरआरआर मूवी के कलाकारों और क्रू को बधाई - सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म के लिए क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड के विजेता। क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड्स। 'आरआरआर' 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट', 'अर्जेंटीना 1985', 'बाडरे', 'फॉल्स क्रॉनिकल ऑफ ए हैंडफुल ऑफ ट्रुथ्स', 'क्लोज' और 'डिसीजन टू लीव' जैसी फिल्मों से मुकाबला कर रही थी। 'आरआरआर' में एनटीआर जूनियर, राम चरण, अजय देवगन, आलिया भट्ट, श्रिया सरन, समुथिरकानी, रे स्टीवेन्सन, एलिसन डूडी और ओलिविया मॉरिस हैं। यह दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम, उनकी काल्पनिक दोस्ती और ब्रिटिश राज के खिलाफ उनकी लड़ाई के आसपास केंद्रित है।

## फराह ने साजिद और अब्दु के लिए बर्गर पार्टी रखी

**मुंबई।** फिल्म निमार्ता-कोरियोग्राफर फराह खान कुंदर ने 'बिग बॉस 16' के घर से बाहर आने के बाद भाई साजिद खान और ताजिकिस्तानी अब्दु रोजिक के लिए एक बर्गर पार्टी की मेजबानी की। फराह ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा कीं, जिसमें अब्दु को बर्गर के साथ देखा जा सकता है। अब्दु जहां फराह के घर पर चमकदार काली जैकेट में नजर आ रहे हैं, वहीं साजिद कैजुअल में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा : इस सीजन हैशटैग बिगबॉस16 में मेरे 2 पसंदीदा। कभी-कभी दिल जीतना बेहतर होता है अब्दुरोजिक और असलीसाजिदखान हैशटैग कलर्सटीवी हैशटैग मंडली हैशटैग फैमिली हैशटैग बर्गर।

## टेलर स्विफ्ट को फिर से पछाड़ते हुए 'नाटू नाटू' ने दर्ज की जीत

**एजेंसी। लॉस एंजिलिस**

हाल ही में समाप्त हुए गोल्डन अवार्ड्स में अपनी बड़ी जीत के बाद, एसएस राजामौली की 'आरआरआर' लॉस एंजिल्स में चल रहे



क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड्स के 28वें संस्करण में धूम मचा रही है। फिल्म को इसके 'नाटू नाटू' ट्रैक के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस गीत ने टेलर स्विफ्ट की 'कैरोलिना' से 'व्हेयर द क्रॉडैड्स सिंग', 'सियाओ पापा' गिलर्मो डेल टोरो की 'पिनोच्चियो' लेडी गागा और ब्लडपॉप की 'होल्ड माई हैंड' से 'टॉप गन: मेवरिक', रिहाना की 'ब्लैक पैंथर: वकंडा फॉरएवर' से 'लिफ्ट मी अप' और व्हाइट नॉइस से 'न्यू बॉडी रूंबा' से टक्कर की थी। 'आरआरआर' में एनटीआर जूनियर, राम चरण, अजय देवगन, आलिया भट्ट और श्रिया सरन हैं और दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की काल्पनिक कहानी और ब्रिटिश राज के खिलाफ उनकी लड़ाई बताती है।

## माधुरी दीक्षित ने 'तू शायर है' के हुक स्टेप की शूटिंग को किया याद

**एजेंसी। मुंबई**



बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने सलमान खान और संजय दत्त अभिनीत 1991 की फिल्म 'साजन' के गाने 'तू शायर है मैं तेरी शायरी' की शूटिंग को याद किया। माधुरी ने साझा किया कि कोरियोग्राफर द्वारा 'तू शायर है' गाने का हुक स्टेप कैसे दिया गया, जब कोरियोग्राफर चिन्नी प्रकाश ने मुझे 'तू शायर है' के लिए हुक स्टेप दिखाया, तो मैंने कहा, यह क्या मूवमेंट है? यह कवि कौन है वह किस तरह का कवि है? लेकिन उन्होंने कहा कि यह हिट होगा और सही मायने में डांस स्टेप इतना लोकप्रिय हो गया। माधुरी ने अपने कई गानों पर भी डांस किया जिनमें 'एक दो तीन', 'ये मौसम का जादू', 'चोली के पीछे क्या है', 'धक धक करने लगा', 'देखा है पहली बार' शामिल हैं। अभिनेत्री ने सरोज खान द्वारा किए गए गाने 'बड़ा दुख दिनी तेरे लखन ने' की कोरियोग्राफी के बारे में बात की।

## राजनीति | पूर्व मंत्री व कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने किया दावा

# भाजपा को 250, अन्य को 290 सीटें संभव

**– आरएनएम। नई दिल्ली**

पूर्व मंत्री व कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दावा किया कि भाजपा के लिए 2024 में अपनी 2019 की चुनावी जीत को दोहराना असंभव होगा। उनका कहना है कि सत्तारूढ़ पार्टी आनेवाले लोकसभा चुनावों में 50 सीटें खो सकती है। केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कोझिकोड में केरल साहित्य महोत्सव के दौरान कहा : अगर आप देखें कि भाजपा ने 2019 में कितना अच्छा प्रदर्शन किया, उनके पास हरियाणा, गुजरात और राजस्थान में लगभग सभी सीटें थीं। बंगाल में 18 सीटें थीं। अब वैसे परिणाम दोहरा पाना नामुमकिन है और बहुत मुमकिन है कि भाजपा 2024 में बहुमत हासिल नहीं कर पाए। शशि थरूर ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव से पहले पुलवामा हमले और बालाकोट अटैक को लेकर एक जबरदस्त लहर बनी थी, लेकिन 2024 में ऐसी कोई लहर नहीं होगी। थरूर ने यह भी कहा कि भाजपा को 2024 में 50 सीटों का नुकसान होगा। थरूर से यह पूछने पर कि क्या विपक्षी पार्टियां एकजुट रहेंगी, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस बारे में कुछ भी कहना असंभव है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की 250 सीटें आती हैं और अन्य दलों के पास 290 सीटें आती हैं, तो हमें नहीं पता कि 290 सीटें पाने वाले दलों में एक साथ आने की सहमति बनेगी या नहीं। वहीं, आजादी के 75 साल के बाद भारत के सामने आनेवाली चुनौतियों के बारे में बात करते हुए थरूर ने यह कबूल किया कि लोकतंत्र में वंशवाद एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पर दोष लगाने वालों को भी देश में चारों ओर देखना चाहिए। थरूर ने कहा कि कम्युनिस्टों और भाजपा के अपवाद के बावजूद विडंबना यह है कि देश की राजनीति में हर पार्टी में वंशवाद की राजनीति होती है।

## NEWS इन ब्रीफ

### चेन्नईयन एफसी ने बिकास युमनम के साथ किया करार

**चेन्नई।** चेन्नईयन एफसी ने सोमवार को एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी डिफेंडर बिकास युमनम के साथ करार करने की घोषणा की। 19 वर्षीय फुटबॉलर अपने पहले इंडियन सुपर लीग अभियान के लिए मरीना मचान्स में शामिल होंगे। युमनम ने कहा : मैं चेन्नईयन एफसी का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मैं इस अवसर के लिए प्रबंधन का शुक्रगुजार हूं और वास्तव में सीजन का इंतजार कर रहा हूं।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन से निक किर्गियोस ने नाम वापस लिया

**मेलबर्न।** दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी निक किर्गियोस घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने सोमवार को यहां मेलबर्न पार्क में यह घोषणा की। किर्गियोस को मंगलवार को अपने पहले दौर में रोमन सफीउलिन का सामना करना था, लेकिन ड्रॉ में उनकी जगह यूएसए के डेनिस कुडला लेंगे।

### डिविलियर्स ने की कोहली के प्रदर्शन की तारीफ

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली के प्रदर्शन से पूरी तरह प्रभावित हैं और उन्होंने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' बनने पर कोहली की तारीफ की। ट्विटर पर क्रिकेट स्टार ने कोहली की तारीफ की और लिखा : विराट कोहली! अलग स्तर। कोहली रविवार को अंतिम एकदिवसीय मैच में अपने खेल में शीर्ष पर थे, उन्होंने अपना 46वां एकदिवसीय शतक पूरा किया।

### नडाल ने ड्रेपर को दी शिकस्त

**मेलबर्न।** 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, स्पेन के राफेल नडाल ने सोमवार को यहां रॉड लेवर एरिना में अपने खिताब की रक्षा के लिए ब्रिटेन के जैक ड्रेपर के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर का मैच जीत लिया। स्पैनियार्ड ने 2023 सीजन की अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए 21 वर्षीय ड्रेपर पर 7-5, 2-6, 6-4, 6-1 से जीत दर्ज की।

### संयुक्त होना चाहिए था मैन ऑफ द सीरीज

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मो. सिराज को विराट कोहली के साथ 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना जाना चाहिए था। सिराज ने गुवाहाटी में पहले वनडे में दो और कोलकाता में अगले मैच में तीन विकेट झटके थे। वहीं, अंतिम मैच में चार विकेट अपने नाम की। उन्होंने कहा, वह विराट कोहली के बराबर थे। एक संयुक्त मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए। वह असाधारण गेंदबाज थे और उचित बल्लेबाजी पिचों पर उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की।

# वायकॉम18 को मिला महिला आईपीएल का मीडिया अधिकार



**2023-2027 की अवधि के लिए 951 करोड़ रुपए की बोली के साथ हासिल किए अधिकार**

**प्रति मैच मूल्य हैं 7.09 करोड़ रुपए**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वायकॉम18 ने सोमवार को 2023-2027 की अवधि के लिए महिला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं। सोमवार को मुंबई में एक नीलामी में, वायकॉम18 ने 951 करोड़ रुपए की बोली के साथ यह अधिकार हासिल किए, जो कि प्रति मैच मूल्य 7.09 करोड़ रुपए है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट किया : महिला आईपीएल मीडिया अधिकार जीतने के लिए वायकॉम को बधाई। बीसीसीआई और बासीसीआई महिला में आपके विश्वास के लिए धन्यवाद। वायकॉम ने 951 करोड़ रुपए के मीडिया अधिकार हासिल किए हैं, जो अगले 5 वर्षों (2023-27) के लिए प्रति मैच 7.09 करोड़ रुपए का मूल्य है। यह महिला क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। साल की शुरूआत में, वायकॉम18 ने आईपीएल मीडिया अधिकार 2023-27 के लिए भारतीय उपमहाद्वीप के डिजिटल अधिकार (पैकेज बी और सी) का दावा करने को 23,758 करोड़ रुपए खर्च किए। वायकॉम18 ने इसी अवधि के लिए ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और यूनाइटेड किंगडम के अधिकार भी हासिल किए। उनके पास 2024-31 से दक्षिण अफ्रीका में चल रही टी20 फ्रेंचाइजी लीग के प्रसारण अधिकार और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के भारतीय प्रसारण अधिकार भी हैं।

# वॉबल सीम डिलीवरी मेरे लिए सफल साबित हुई : सिराज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रीलंका पर भारत की 3-0 से सीरीज जीत में मोहम्मद सिराज ने दिखाया कि वह वनडे में शुरूआती सफलता दिलाने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। गुवाहाटी में पहले एकदिवसीय मैच में, उन्होंने नई गेंद से दो विकेट चटकाए, जबकि कोलकाता में एक विकेट लिया। तिरुवनंतपुरम में तीसरे एकदिवसीय मैच में नई गेंद के साथ उनके चार विकेटों ने भारत को रिकॉर्ड 317 रनों की जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रृंखला में सिराज ने 4.05 की इकॉनोमी से नौ विकेट लिए जो एक गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक थे।

आईपीएल का पिछला सीजन सिराज का सबसे खराब सीजन था। इनस्विंग गायब होने और आउटस्विंग केवल उनके हाथ में होने के कारण, सिराज वॉबल सीम डिलीवरी पर लड़खड़ा गए, जो अब उनकी सफलता का नवीनतम उपकरण है। उन्होंने मैच समाप्त होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा : वॉबल सीम के साथ बल्लेबाज यह अंदाजा लगा सकता है कि गेंद कितनी पीछे की ओर जाएगी। तिरुवनंतपुरम में, सिराज ने कुसल मेंडिस को सीम गेंद पर आउट किया, जिसने अपनी लाइन पकड़ी और बल्लेबाज को कीपर के पीछे जाने के लिए मजबूर किया। उन्होंने वोबल-सीम डिलीवरी प्राप्त करने में मदद करने के लिए डेल स्टेन को भी श्रेय दिया।

### सिराज का पिछले साल आईपीएल रहा था खराब

**सिराज** ने कहा : जब मेरा आईपीएल अच्छा नहीं रहा तो मैंने सोचा कि मुझे अपने सफेद गेंद के कौशल पर भी काम करना चाहिए। इसलिए मैंने ऐसा किया और जब मैंने कुछ अच्छे मैच खेले तो मुझमें आत्मविश्वास आया। अब मैंने परफॉर्मेंस के बारे में सोचना बंद कर दिया है, जो मैंने पहले किया था और इससे मुझे मदद मिली है। मेरा ध्यान हर गेंद पर अमल करने पर है। सिराज के लिए अगला वनडे न्यूजीलैंड के खिलाफ है, जिसकी शुरूआत हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम से होगी, जिसे वे अपना घर कहते हैं।

सिराज ने आगे कहा : मुझे इनस्विंग मिलती थी, लेकिन मैंने इसे गंवा दिया। इसलिए मैंने आउटस्विंग विकसित की और वॉबल सीम डिलीवरी पर काम किया। इसपर काम करने में मुझे काफी समय लगा। मैंने नेट्स में काफी अभ्यास किया और आईपीएल के दौरान मुझमें आत्मविश्वास आया कि मैं गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने आईपीएल के दौरान डेल स्टेन से भी बात की थी, जब मुझे अच्छी आउटस्विंग नहीं मिल रही थी, इसलिए तब भी सीम ने मेरी मदद की थी।

# भारत की बड़ी जीत, 112 रनों के भारी अंतर से यूएई को हराया

**अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप**



**एजेंसी। बेनोई**

कप्तान शेफाली वर्मा ने 78 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार श्वेता सहरावत ने नाबाद 74 रनों की पारी खेलकर यहां सोमवार को विलोमूर पार्क में भारत को आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के दूसरे ग्रुप डी मैच में यूएई पर 122 रनों की विशाल जीत दिलाई। शेफाली और श्वेता ने शानदार बल्लेबाजी की। वहीं, ऋचा घोष के तेज 49 रनों के अलावा, भारत अपने 20 ओवरों में 219/3 का विशाल स्कोर बनाने में सफल रहा, टूर्नामेंट में पहली बार किसी टीम ने 200 से अधिक का स्कोर बनाया।

जवाब में, तेज गेंदबाज तीतस साधु और शबनम एमडी की अगुआई में भारतीय गेंदबाज ने शानदार शुरूआत की, प्रत्येक ने एक-एक विकेट लिया और अपनी लाइन और लेंथ के साथ बेहतरीन गेंदबाजी की। संयुक्त अरब अमीरात को 20 ओवर में केवल 97/5 तक सीमित कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप और लेग स्पिनर पार्शवी चोपड़ा ने भी एक-एक विकेट चटकाया, जिससे भारत अब इतने ही मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप डी अंक तालिका में शीर्ष पर है। ग्रुप डी का उनका फाइनल मैच बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ होगा।

भारत की कप्तान शेफाली वर्मा ने टीम इंडिया को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। उन्होंने 229 के स्ट्राइक रेट से महज 34 बॉल में 78 रन बना डाले। इस पारी में उन्होंने 4 छक्के और 12 चौके भी लगाए। उन्होंने ओपनर श्वेता सेहरावत के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 8.3 ओवर में 111 रन जोड़े।

वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 92 रन की मैच जिताऊ पारी खेलनेवाली श्वेता सेहरावत ने यूएई के खिलाफ भी फिफ्टी जमाई। श्वेता ने 49 बॉल पर नाबाद 74 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 10 चौके लगाए। कप्तान शेफाली के आउट हो जाने के बाद श्वेता ने विकेटकीपर ऋचा घोष के साथ दूसरे विकेट के लिए 89 रन की पार्टरनशिप की। ऋषा 29 बॉल में 49 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने 2 छक्के और 5 चौके लगाए। इनके अलावा गोंगडी त्रिषा ने 5 बॉल पर 11 और सोनिया मेंधिया ने 2 रन बनाए। वअए के लिए इंधुजा नंदकुमार, माहिका गौर और समायरा धर्निधर्का ने 1-1 विकेट लिया।

# टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं एफसी गोवा के मुख्य कोच

**गुवाहाटी।** एफसी गोवा के मुख्य कोच कार्लोस पेना ने यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच में नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 2-2 से रोमांचक ड्रॉ में तीन अंक नहीं हासिल कर पाने से निराश थे। इंडियनसुपरलीग डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, मिडफील्डर एडू बेदिया ने गोल करने पर गौर ने पहले हाफ में स्कोरिंग की शुरूआत की, लेकिन हाईलैंडर्स ने विल्मर गिल पेनल्टी के साथ मैच में वापसी की। दूसरे हाफ में दो और पेनाल्टी मिली क्योंकि दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया। एफसी गोवा ने इकर ग्वारोक्स्टेना के माध्यम से बढ़त हासिल की, इससे पहले विल्मर गिल ने घरेलू टीम के लिए गोल की बराबरी की। इस ड्रा से एफसी गोवा 20 अंकों के साथ छठे स्थान पर है जबकि नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 14 मैचों में चार अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है। एफसी गोवा के मुख्य कोच पेना ने मैदान के दोनों सिरों पर अंतर की ओर इशारा किया और महसूस किया कि अगर उनकी टीम आक्रमण और डिफेंस में हावी होती, तो वे तीन अंक प्राप्त कर सकते थे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : दूसरे दौर में गॉफ, पेगुला और रेडुकानू



**एजेंसी। मेलबर्न**

अमेरिकी सनसनी कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने सोमवार को यहां 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन अभियान में जीत के साथ शुरुआत की। 18 वर्षीय गॉफ ने चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 6-1, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉफ ने केवल 22 मिनट में पहला सेट जीत लिया। सिनियाकोवा ने दूसरे सेट में वापसी की और मैच में 22 स्ट्रोक लगाए, लेकिन बाद में वो कमजोर पड़ गई। गौफ ने तुरंत वापसी की और एक बार फिर जीत हासिल की। मैच के सबसे लंबे गेम में, सिनियाकोवा ने छह मैच पॉइंट बचाए, इससे पहले अमेरिकी ने बैकहैंड वॉली विजेता के साथ खेल को खत्म कर दिया। सिडनी में युनाइटेड कप की सफलता के लिए अपने देश का मार्गदर्शन करने के बाद एक अन्य अमेरिकी पेगुला ने अपने हार्ड-कोर्ट फॉर्म को मेलबर्न तक पहुंचाया, जहां उसे रोमानियाई जैकलीन क्रिस्टियन पर 6-0, 6-1 से आगे बढ़ने में एक घंटे से भी कम समय लगा। ग्रेट ब्रिटेन की रेडुकानू ने जर्मनी की तमारा कोर्पात्श का सामना किया, जो अपने करियर की पहली ग्रैंड स्लैम मेन-ड्रा जीत के लिए लक्ष्य बना रही थी और अपने 27 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-2 से हरा दिया।

# रोहित शर्मा को बड़ी पारी खेलने की जरूरत : गंभीर

**नई दिल्ली।** भारत श्रीलंका को तिरुवनंतपुरम में तीसरे एक दिवसीय मैच में 317 रन के रिकॉर्ड अंतर से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम करने में सफल रहा, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा एक अच्छी शुरुआत को बड़े शतकों में बदलने में नाकाम रहे। कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 110 गेंदों पर नाबाद 166 रन बनाकर नाबाद पारी खेली, जो श्रीलंका के खिलाफ उनका 10वां शतक था। पिछले चार वनडे में तीन शतक लगाने वाले कोहली ने एक असहाय गेंदबाजी आक्रमण पर जमकर हमला बोलते हुए 13 चौके और आठ छक्के लगाए और भारत को 390/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इसका मतलब यह भी था कि रोहित ने पिछली 50 अंतरराष्ट्रीय पारियों में शतक नहीं लगाया है, जिनमें से आखिरी पारी तब आई जब उन्होंने ओवल में चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 127 रन बनाए थे।

# अटलांटा ने सालेर्निटाना को 8-2 से दी मात



**रोमा ने फिओरेंटीना को 2-0 से पछाड़ा**

**एजेंसी। रोम**

पाउलो डिबाला ने उस समय अहम भूमिका निभाई जब उन्होंने रोमा को सीरी ए फुटबॉल लीग में फिओरेंटीना के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई, जबकि अटलंता ने सालेर्निटाना को 8-2 से हरा दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डायबाला के एकल प्रयास की बदौलत रोमा ने जीत हासिल की। सार्लेनिताना के बोलाए दीआ ने जेरेमी बोगा के गोल के बराबर अपनी टीम को ला दिया, लेकिन एडेमोला लुकमैन, जियोर्जियो स्काल्विनी, टीएन कूपमाईनर्स और रस्मस होजलंड ने अटलांटा को पहले हाफ में 5-1 से आगे कर दिया।

टीम ने पहले हाफ में मजबूत पकड़ बना ली थी, जबकि एडरसन और नादिर जोर्टिया ने दूसरे हाफ में गोल किया। वहीं, हंस निकोलुसी ने दूसरे हाफ में टीम के लिए गोल किया, लेकिन तब तक अटलांटा 8-2 से आगे थी। इसके अलावा रविवार को, लाजियो ने सासुओलो पर 2-0 से जीत हासिल की, लेकिन सिरो इम्मोबिल ने चोट के कारण ट्रम्प कार्ड खो दिया। परिणामों के साथ, लाजियो, अटलांटा और रोमा 34 अंकों के साथ बराबर पर हैं। वहीं, रविवार के अन्य मुकाबलों में, बोलोग्ना ने उडीनीस को 2-1 से, स्पेजिया ने टोरिनो को 1-0 से हरा दिया।

**ओपिनियन** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने की भविष्याणी

# वनडे विश्व कप में एक्स-फैक्टर होंगे सूर्यकुमार

**एजेंसी। दुबई**



भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि सूर्यकुमार यादव आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में एक्स-फैक्टर होंगे। साथ ही कहा कि वह स्टाइलिश बल्लेबाज के लिए बहुत खुश हैं, जो सफेद गेंद के क्रिकेट में जबरदस्त सफलता हासिल कर रहे हैं। 32 वर्षीय सूर्यकुमार शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने हाल ही में राजकोट में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान अपना तीसरा टी-20 शतक लगाया था।

हालांकि, अपने शानदार फॉर्म के बावजूद, वह तीसरे मैच का हिस्सा बनने से पहले द्वीप राष्ट्र के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए भारत की टीम में जगह नहीं पा सके। आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे उथप्पा ने आईएएनएस से कहा : आगामी विश्व कप में, हर कोई एक एक्स-फैक्टर हो सकता है, लेकिन मुझे लगता है कि अभी मेरी सूची में सबसे ऊपर सूर्यकुमार यादव हैं। हालांकि, वह श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में ज्यादा नहीं खेल सके। उन्होंने कहा : मुझे निश्चित रूप से लगता है कि जिन खिलाड़ियों को नियमित मौके मिल रहे हैं, वे वास्तव में प्रदर्शन करते रहने का दबाव महसूस कर रहे होंगे क्योंकि अगर वे प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो वे सूर्या को लंबे समय तक बाहर नहीं रख सकते।

### सूर्यकुमार अलग स्तर पर कर रहे बल्लेबाजी : उथप्पा

37 वर्षीय उथप्पा को लगता है कि सूर्य वर्तमान में एक अलग स्तर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने बल्लेबाज के कुछ कौशल पर भी प्रकाश डाला, जो उन्हें खास बनाता है। उन्होंने कहा : सूर्या एक मल्टी-यूटिलिटी खिलाड़ी हैं, गेंद का एक बहुत अच्छा टाइमर और एक मैच विजेता हैं। वह इस समय एक अलग स्तर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं और टीम के साथी के रूप में घर में उस क्षेत्र का एकमात्र बल्लेबाज हैं। उनके साथ खेल कर मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि उन्होंने अपने करियर के इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। यह पूछे जाने पर कि वनडे में भारत के लिए किसे विकेट कीपिंग करनी चाहिए, उथप्पा ने कहा कि केएल राहुल को भूमिका जारी रखनी चाहिए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, केएल राहुल वनडे में बल्लेबाजी के साथ नंबर 5 पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और यहां तक कि पूर्णकालिक कीपर नहीं होने के बावजूद विकेटकीपिंग भी अच्छी तरह से कर रहे हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि टीम राहुल का समर्थन कर सकती है और जब यह फैसला करने की बात आएगी तो यह शुभमन गिल और ईशान किशन के बीच होगा। उथप्पा ने भविष्य के कप्तान की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत के पास आगे चलकर नेतृत्व के कई संभावित विकल्प हैं। उन्होंने कहा : भारत के लिए कप्तानी के कई संभावित विकल्प हैं।

